दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 225 जयपुर, मंगलवार, 25 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### राजस्थान राज्य अवन्ति बाई लोधी बोर्ड का हुआ गठन



**जयपुर।** राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य अवन्ति बाई लोधी बोर्ड का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और तीन गैर सरकारी सदस्य होंगे। प्रदेश में पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए राज्य सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। इसी को लेकर लोधी (लोधा) समाज की स्थिति का सर्वेक्षण करने, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने और पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव देने के लिए बोर्ड के गठन को मंजूरी मिली है। इस बोर्ड के गठन का उद्देश्य लोधी (लोधा) समाज के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित करना और वर्तमान में संचालित विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं के बारे में विभिन्न विभागों से समन्वय कर सुझाव देना है।

### राखी गौतम बनीं राजस्थान महिला कांग्रेस की अध्यक्ष



**जयपुर।** एआईसीसी ने पांच राज्यों में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त की हैं। इसमें राजस्थान भी शामिल हैं। अब राखी गौतम राजस्थान महिला कांग्रेस की नई अध्यक्ष होंगी पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आंध्र प्रदेश में लाम थंतिया कुमारी, बिहार डॉ. सरवत जहान फातिमा, जम्मू-कश्मीर में शमीमा रैना और त्रिपुरा में शरबनी घोष चक्रबोती को अध्यक्ष बनाया गया हैं।

## 'लाल डायरी' से सियासत हुई लाल: विधानसभा में हंगामा... कार्यवाही दो अगस्त तक स्थगित

# गुढ़ा ने खींचा धारीवाल का माइक, दिलावर ने लांघी सीमा... दोनों को निकाला बाहर

- गुढ़ा और दिलावर को किया विधानसभा की शेष अवधि के लिए निलंबित
- गुढ़ा का आरोप... मैं बड़े राज खोलना चाहता था, इसलिए बोलने नहीं दिया




**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा में सोमवार को उठे 'लाल डायरी' के तूफान से प्रदेश की सियासत भी लाल होती दिखाई दी। वहीं, इधर विधानसभा में हंगामा होता रहा, उधर दिल्ली से लेकर जयपुर तक बयानबाजी का दौर शुरू हो गया। विधायकों के बीच तीखी तकरार व हाथापाई तक होती नजर आई। मंत्रिपरिषद से निष्कासित किए गए विधायक राजेन्द्र गुढ़ा ने सदन में 'लाल डायरी' लहराते हुए संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल का माइक खींचा, तो नाराज विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने मार्शल के जरिए उन्हें सदन में बाहर निकलवा दिया। वहीं, भाजपा विधायक मदन दिलावर को हंगामे के बीच अपनी सीमा को लांघते हुए सत्ता पक्ष की तरफ जाना भारी पड़ गया।

स्पीकर जोशी ने उन्हें बार-बार चेतावनी दी, लेकिन वे नहीं माने तो दिलावर को भी मार्शल के जरिए बाहर निकालने का आदेश दे दिया गया। दिलावर को निकालने आए मार्शल और भाजपा विधायकों के बीच मारपीट होती नजर आई। वहीं सत्ता और विपक्ष के विधायक भी इस मामले में आमने-सामने हो गए। बाद में विधानसभा में संसदीय मंत्री शांति धारीवाल के प्रस्ताव पर गुढ़ा और दिलावर को 15 वीं विधानसभा की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। इससे पहले सदन में मचे हंगामे के चलते तीन बार कार्यवाही स्थगित हुई और बाद में शाम 4:03 बजे कार्यवाही को दो अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### दिलावर बोले... मैं ध्यान से सुनने गया था धारीवाल के पास

इसके बाद जब कार्यवाही शुरू हुई तो संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने मणिपुर के हालात को लेकर संकल्प प्रस्ताव रखा। जब वे प्रस्ताव पढ़ रहे तो भाजपा के विधायक मदन दिलावर ने उनके पास आने की कोशिश की। सत्ता पक्ष के कुछ और विधायक मंत्री भी वहां आ गए। अध्यक्ष जोशी ने भाजपा विधायक को बाहर निकालने के लिए मार्शलों से कहा। दिलावर को बाहर निकालने आए मार्शलों और भाजपा के विधायकों में तनातनी हो गई और अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही फिर आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। दिलावर ने मीडिया को सफाई दी कि हंगामे में उन्हें कुछ सुनाई नहीं दे रहा था, इसलिए मैं धारीवाल के पास गया थे।

### भाजपा बोली... पूरी सरकार में घबराहट

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पत्रकारों से कहा कि सदन में जो हुआ वह शर्मनाक है। गुढ़ा बयान देना चाहते थे और उन्हें अनुमति दी जानी चाहिए थी। वहीं दिल्ली में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीडिया से कहा कि उस लाल डायरी में ऐसा क्या है जो पूरी सरकार में 'घबराहट' है। राजस्थान का हर व्यक्ति इसका रहस्य जानना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि अगर गुढ़ा द्वारा उजागर की गई डायरी की सामग्री सामने आ गई तो कई नेताओं का राजनीतिक वजूद खतरे में पड़ जाएगा। उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि जनता जानना चाहती है कि आखिर उस लाल डायरी में क्या है, जिससे सरकार इतनी विचलित है।

### संसदीय कार्य मंत्री धारीवाल ने कहा... भाजपा के हाथों में खेल रहे गुढ़ा, मुझसे मारपीट की कोशिश

संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि गुढ़ा ने उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की और अगर मार्शल वहां नहीं आते तो बड़ी घटना हो सकती थी। उन्होंने कहा कि गुढ़ा का व्यवहार बेहद शर्मनाक और असंसदीय था। भाजपा विधायक मदन दिलावर के लिए धारीवाल ने कहा कि वे उनकी ओर बढ़े थे और उन पर हमला करने की योजना बना रहे थे। संसदीय मंत्री ने कहा कि यह सही है कि गुढ़ा ने संकट काल में हमारी सरकार का साथ दिया, लेकिन अब वे ऐसी मांग कर रहे हैं, जिसे माना जाना कतई उचित नहीं है। वे अब भाजपा के हाथों में खेल रहे हैं।

### ऐसी हुई हंगामे की शुरुआत

गुढ़ा शून्यकाल के दौरान आसन के सामने पहुंच गए और एक लाल रंग की डायरी लहराते हुए मांग की कि उन्हें बयान देने की अनुमति दी जानी चाहिए। जोशी ने गुढ़ा के व्यवहार पर आपत्ति जताई और उनके कक्ष में मिलने के लिए कहा। इस बीच भाजपा विधायकों ने गुढ़ा के समर्थन में नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया और लाल रंग की 'प्रतीकात्मक' डायरियां लहराईं। इस मामले में संसदीय कार्य मंत्री धारीवाल बयान देने के लिए उठे तो गुढ़ा आक्रामक मुद्रा में उनकी ओर बढ़े और उनके माइक पर हाथ मार दिया। विधायक रफीक खान ने तुरंत गुढ़ा को धक्का दिया तो मंत्री रामलाल जाट और अन्य कांग्रेस विधायक भी आगे आ गए और इनके बीच धक्का-मुक्की होती दिखी।यह देख जोशी ने मार्शलों को गुढ़ा को सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।



फोटो: पंकज शर्मा

### मंत्रियों ने पीट कर बाहर निकाला

सदन के बाहर गुढ़ा ने कहा कि मेरी डायरी छीन ली गई। मुझ पर हमला कर मुझे नीचे गिरा दिया गया। मुझे मार्शल ने नहीं, बल्कि कांग्रेस के मंत्रियों ने मुझे मारपीट कर बाहर निकाला। डायरी का आधा हिस्सा विधानसभा में मुझसे छीन लिया गया, लेकिन इसका आधा हिस्सा अभी मेरे पास है। उन्होंने कहा कि मैं कोई भी कुर्बानी देने के लिए तैयार हूं। मैं लड़ाई लड़ूंगा, जनता के बीच जाऊंगा, लेकिन किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटूंगा। बर्खास्त मंत्री ने कहा कि यह डायरी उन्हें आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के आवास पर आयकर विभाग के छापे के दौरान मिली थी। तब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उन्हें डायरी सुरक्षित करने के लिए राठौड़ के आवास पर जाने के लिए कहा था और उन्होंने ऐसा ही किया। गुढ़ा ने दावा किया कि धर्मेंद्र राठौड़ की लिखी गई डायरी में 'अनियमित वित्तीय लेन देन' का ब्योरा है और इसमें मुख्यमंत्री तथा उनके बेटे का नाम है। उन्होंने कहा कि वे अपनी 'लाल डायरी' टेबल करना चाहते थे। हालांकि, मीडिया के बार-बार कहने के बावजूद गुढ़ा ने अपने पास मौजूद डायरी खोलकर नहीं दिखाई।

## हिरासत में हिस्ट्रीशीटर की खुदकुशी का मामला

# मुहाना थानाधिकारी सहित तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**बेधड़क | जयपुर**

मुहाना थाने में पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में थानाधिकारी सहित 3 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं, मामले की न्यायिक जांच जारी हैं। डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि मामले में मुहाना थानाधिकारी दिलीप सिंह, एसआई विजय सिंह और उस दौरान संतरी ड्यूटी पर रहे कांस्टेबल मनोज पूनियां को लाइन हाजिर किया गया है। एसआई विजय सिंह ने आत्महत्या करने वाले ललित बैरवा को गिरफ्तार किया था। वहीं, मृतक का सोमवार को मेडिकल बोर्ड से मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। तब परिजनों ने मुआवजे की मांग की। जिस पर प्रशासन ने नियमानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि रविवार को हवालात में बने शौचालय में नकबजनी के मामले में गिरफ्तार आरोपी ललित बैरवा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।



## पीएम के दौरे से एक दिन पहले कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# मणिपुर मामले को लेकर निकालेंगे पैदल मार्च

**बेधड़क | जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जुलाई को किसानों को संबोधित करने के लिए सीकर आएंगे। दौरे से पहले ही प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत से लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा तक लगातर उन पर मणिपुर की घटना को लेकर जुबानी हमला बोल रहे हैं। वहीं, अब प्रदेश कांग्रेस ने पीएम के दौरे का विरोध करने की तैयारी कर ली हैं। मोदी के दौरे के एक दिन पहले कांग्रेस प्रदेश के सभी जिलों में 26 जुलाई को केंद्र सरकार के खिलाफ पैदल मार्च निकालेगी। इस दौरान मणिपुर हिंसा और महिलाओं को नग्न परेड कराने और गैंगरेप करने की घटना का विरोध किया जाएगा। साथ ही, जिला कलेक्टरों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। एआईसीसी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसके लिए निर्देश जारी किए हैं।



### मणिपुर में डबल इंजन की सरकार फेल

डोटासरा ने कहा है कि मणिपुर में चल रहे जातीय संघर्ष, महिलाओं, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों के विरुद्ध बढ़ते अत्याचार को रोकने में विफल भाजपा की डबल इंजन सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सभी जिलों में 26 जुलाई को विरोध प्रदर्शन करेगी।

### वीभत्स अपराध उजागर

कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि मणिपुर में महिलाओं के साथ बदसलूकी और सामूहिक दुष्कर्म के वीभत्स अपराध देश के सामने उजागर हुए हैं। आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अत्याचार बढ़ रहे हैं और प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर पैदल मार्च निकालने का कार्यक्रम रखा गया है। इस विरोध प्रदर्शन में सभी जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक, मंडल लेवल के कांग्रेस कार्यकर्ता, पार्षद, विधायक, कांग्रेस के अग्रिम मोर्चे और विभागों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## गहलोत सरकार का बड़ा फैसला

# राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल का होगा गठन, बनेंगी तीन बटालियन

- सीएम गहलोत ने दी 21 करोड़ के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति
- फोर्स का क्षेत्रीय मुख्यालय भिवाड़ी, चित्तौड़गढ़ और बालोतरा में होगा
- तीनों बटालियन के लिए कुल 3072 नवीन पद होंगे सृजित

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान सरकार ने औद्योगिक इकाइयों के सुरक्षा के लिए अब राज्य स्तरीय फोर्स गठन करने का फैसला लिया है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन होगा। इसमें तीन बटालियन गठित की जाएगी। इनका मुख्यालय भिवाड़ी, चित्तौड़गढ़ और बालोतरा में होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इनके लिए लगभग 21 करोड़ के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री ने तीनों बटालियन के लिए कुल 3072 नवीन पदों के सृजन को स्वीकृति दी हैं। इनमें प्रति बटालियन कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट का एक-एक पद, सहायक कमांडेंट के 10, कंपनी कमांडेंट के 9, प्लाटून कमांडर के 45, हेड कांस्टेबल के 200 और कांस्टेबल के 734 पद सृजित होंगे। इसी तरह सहायक लेखाधिकारी, कनिष्ठ लेखाकार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, सूचना सहायक, चिकित्सक, नर्स का एक-एक, वरिष्ठ सहायक, चपरासी के दो-दो, कनिष्ठ सहायक के चार और कुक के 10 पदों की स्वीकृति दी गई है।

### बटालियनों का क्षेत्राधिकार

इस स्वीकृति से प्रदेश की औद्योगिक इकाइयों को सहज एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाया जा सकेगा। इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। भिवाड़ी बटालियन के कार्यक्षेत्र में जयपुर, अजमेर, सीकर, अलवर, झुंझुनूं, भरतपुर, दौसा, टोंक, सवाई माधोपुर, करौली और धौलपुर जिले हैं। इनमें 3,81,694 पंजीकृत इकाइयां शामिल हैं। चित्तौड़गढ़ बटालियन में भीलवाड़ा, उदयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, झालावाड़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बारां व बूंदी जिले होंगे, जहां 2,39,339 पंजीकृत इकाइयां हैं। वहीं, बालोतरा बटालियन में जोधपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, पाली, हनुमानगढ़, बाड़मेर, नागौर, चूरू, जालोर, सिरोही और जैसलमेर जिले शामिल होंगे। इनमें 3,53,528 पंजीकृत इकाइयां हैं।



### सीआईएसएफ की तर्ज पर करेंगे काम

सीआईएसएफ यानी केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का काम देश की प्रॉपर्टी की सुरक्षा करना है। इसी तर्ज पर आरआईएसएफ काम करेगी। सीआईएसएफ के पास हवाई अड्डे, बंदरगाह, पावर प्लांट सहित महत्वपूर्ण सरकारी भवनों, विरासतों और दिल्ली मेट्रो तक की सुरक्षा का जिम्मा है। साथ ही, कुछ वीआईपी को सुरक्षा देने का काम भी सीआईएसएफ का है। इसी तरह आरआईएसएफ भी जयपुर मेट्रो, सरकारी भवनों, विरासतों और औद्योगिक इकाइयों को सुरक्षा प्रदान करेगी।

## जरूरी खबर

### डीडवाना के अशोक कुमार ने जीते एक लाख



**जयपुर।** सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चलाए जा रहे जनसम्मान वीडियो कांटेस्ट में अब तक कई प्रदेशवासियों को ईनामी राशि दी जा चुकी है। अस बीच 21 जुलाई के जारी हुए परिणाम में डीडवाना, नागौर के 23 वर्षीय अशोक कुमार बारूपाल ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए जीते। दूसरे स्थान पर रोहट, पाली के 31 वर्षीय राजा राम रहे। उन्होंने 50 हजार रुपए की ईनाम राशि प्राप्त की। वहीं श्रीगंगानगर के 39 वर्षीय अकबर अली ने 25 हजार की ईनाम राशि जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 100 प्रदेश वासियों को 1000 रुपए का प्रेरणा पुरस्कार भी मिला।

### नर्सिंगकर्मियों के 3500 पद UTB से भरे जाएंगे

**जयपुर।** प्रदेश के राजकीय चिकित्सा संस्थानों में 3500 नर्सिंग कर्मचारियों के पद यूटीबी से भरे जाएंगे। एसीएस शुभ्रा सिंह ने बताया कि नर्सिंग कर्मियों की कमी को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने रिक्त पदों को तत्काल यूटीबी आधार पर भरने के लिए नर्सिंग ऑफिसर एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पदों के जिलेवार आवंटन के आदेश जारी किए हैं। जिला कलेक्टर को इसके लिए निर्देशित किया गया है।

### पीसीसी मुख्यालय से अटैच हुए 11 उपाध्यक्ष




**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्षों और महासचिवों को सोमवार को पीसीसी मुख्यालय में अटैच किया गया है। पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को आदेश जारी कर 11 उपाध्यक्षों के अलावा 8 महासचिवों को पीसीसी मुख्यालय से अटैच है। इस सूची में उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, गजराज सिंह खटाना, हकीम अली, मंजू मेघवाल, वीरेंद्र बेनीवाल, हीरालाल दारंगी, जाग्रत सिंह कांग, समरजीत सिंह, रफीक माण्डलिया, राजकुमार जयपाल और दर्शन सिंह शामिल हैं। वहीं महासचिव राकेश पारीक, रीटा चौधरी, स्वर्णिम चतुर्वेदी, प्रतिष्ठा यादव, महेंद्र सिंह गुर्जर, अमित धारीवाल, सुमन यादव और विजेंद्र सिंह सिद्धू को अटैच किया गया है।

## राज्यपाल मिश्र ने वेतन, पेंशन से जुड़े सेवा नियमों में संशोधन के गहलोत सरकार के विभिन्न प्रस्तावों को दी मंजूरी

# 25 साल नौकरी करने वाले कार्मिकों को मिलेगी पूरी पेंशन

■ कर्मचारियों से लेकर पेंशनर्स तक को मिलेगा लाभ

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव को देखते हुए अशोक गहलोत सरकार हर वर्ग को खुश करने में जुटी है।

इसी कड़ी में गहलोत सरकार ने पिछले दिनों 25 साल का सेवाकाल पूरा करने वाले कर्मचारियों को पूरी पेंशन का लाभ देने का निर्णय लिया था, जिस पर सोमवार को राज्यपाल कलराज मिश्र ने मुहर लगा दी है। जिसके बाद अब सरकारी कर्मचारियों को 25 साल नौकरी करने पर पूरी पेंशन का लाभ मिल सकेगा। अब तक 28 साल के सेवा कार्य के बाद यह लाभ दिया जाता था। गौरतलब है कि राज्यपाल ने सोमवार को राज्य के कार्मिकों और अधिकारियों के वेतन, पेंशन से जुड़े कई सेवा नियमों के संशोधन प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की।



मिश्र ने राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1996 में संशोधन को स्वीकृति दी। वहीं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को पीजी डिग्री या समकक्ष डिप्लोमा पर अग्रिम वेतन बढ़ोतरी का पूरा लाभ देने और राजस्थान सिविल सेवा (पुनरिक्षित वेतन) नियम में संशोधन के साथ ही कार्य प्रभारित कार्मिकों को नियमित कार्मिकों के समान वेतनमान की मंजूरी भी प्रदान की।

### पारिवारिक पेंशनर को 10 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भत्ता

मिश्र ने राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1996 के तहत 75 वर्ष के पेंशनर या उसके पारिवारिक पेंशनर को 10 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भत्ता देने, कार्मिक या पेंशनर की मृत्यु की हो जाने पर उसके विवाहित निशक्त पुत्र या पुत्री और 12 हजार 500 रुपए प्रतिमाह तक की आय वाले पात्र सदस्यों को भी पारिवारिक पेंशन का लाभ देने वाले संशोधन प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। वहीं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को पीजी डिग्री या समकक्ष डिप्लोमा पर अग्रिम वेतन बढ़ोतरी का पूरा लाभ मिलेगा। इसके लिए राज्यपाल ने वित्त विभाग द्वारा राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम 2017 की अनुसूची 5 में संशोधन किए जाने संबंधित अधिसूचना संशोधन का अनुमोदन किया है।

### एक जनवरी और एक जुलाई से दो वेतन वृद्धि

राज्यपाल ने विभागों के पदों के पे-लेवल में संशोधन किए जाने की अधिसूचना को भी स्वीकृति दी है। इससे अब कार्मिक की पदोन्नति/एसीपी पर, पदोन्ति पद के पे-लेवल में समान सैल होने पर आगामी सैल में वेतन नियतन हो सकेगा। इससे उसके वेतन में वृद्धि होगी और वर्तमान में एक ही वेतन बढ़ोतरी की तिथि के स्थान पर भविष्य में दो वेतन वृद्धियों के साथ 1 जनवरी और 1 जुलाई से किए जाने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया है। इससे कार्मिकों को प्रथम वेतन छह माह में मिल सकेगा और राजस्थान सिविल सेवा नियम 2017 में इन संशोधनों से विभिन्न सेवाओं के पदनाम सेवा नियमों के अनुरूप हो जाएंगे। इसके लिए राज्यपाल ने कर्मचारियों और अधिकारियों को वर्तमान में देय विशेष भत्ते एवं विशेष वेतन में 'वेतन विसंगति परीक्षण समिति' की अभिशंषा के अनुरूप वृद्धि संबंधित राजस्थान सिविल सेवा नियम 2017 की अनुसूची 111 में संशोधन प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। वहीं राजस्थान सिविल सेवा नियम 1989, 1998, 2008 और 2017 में संशोधन करने से कार्य प्रभारित कार्मिकों को नियमित कार्मिकों के समान वेतनमान एवं पदनाम उपलब्ध करवाने संबंधित प्रस्ताव को भी मिश्र ने मंजूरी प्रदान की।

## भाजपा का हंगामा, तीन बार स्थगित हुई विधानसभा की कार्यवाही

# किसान ऋण माफी, ईआरसीपी मणिपुर सहित 4 संकल्प पारित

■ विधानसभा में चार विधेयक पास, गिग वर्कर्स भी अब कानून के दायरे में

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा में सोमवार को दिन भर चले हंगामे के बीच चार संकल्प और चार विधेयकों को पारित कर दिया गया। सरकार ने अनुपूरक कार्यसूची के जरिए में सदन में मणिपुर घटनाक्रम, ईआरसीपी, किसान ऋण माफी एवं जातिगत जनगणना से संबंधित चार अलग-अलग संकल्प सदन में रखे और बाद में इन प्रस्तावों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

भाजपा विधायकों की नारेबाजी व हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के लिए स्थगित करनी पड़ी। पहला प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल द्वारा मणिपुर राज्य में कानून-व्यवस्था की चिन्ताजनक स्थिति को लेकर पेश किया गया। प्रस्ताव में उल्लेखित किया गया कि मणिपुर में विभिन्न वर्गों के बीच चल रहे संघर्ष की वजह से कानून-व्यवस्था की स्थिति चिन्ताजनक बनी हुई है तथा हालात निरन्तर बिगड़ रहे हैं। राजस्थान विधान सभा केन्द्र सरकार से आग्रह करती है कि अविलम्ब सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि देशहित में वहां पर शांति स्थापित हो सके।



### गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए विधेयक पारित

सरकार ने ओला, स्विगी, उबर, जोमेटो जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से गिग वर्कर्स के रूप में जुड़े लाखों युवाओं को कानून के दायरे में लाने का काम किया है। इन गिग वर्कर्स के हितों का संरक्षण कर अब उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर राज्य विधान सभा ने सोमवार को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार (रजिस्ट्रीकरण और कल्याण) विधेयक – 2023 पारित किया है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से आजीविका अर्जित कर रहे लाखों गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए विधेयक पारित करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बना है। इसके माध्यम से बनने वाले अधिनियम के अंतर्गत राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार कल्याण बोर्ड की स्थापना की जाएगी। साथ ही ऐसे वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और कल्याण निधि का गठन किया जाएगा। कोटा विकास प्राधिकरण विधेयक – 2023, गांधी वाटिका न्यास, जयपुर विधेयक –2023 और उदयपुर विकास प्राधिकरण विधेयक–2023 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

### ईआरसीपी को दिया जाए राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा

दूसरा संकल्प प्रस्ताव जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने प्रस्तुत किया। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया कि पूर्वी राजस्थान के लिए सिंचाई एवं पेयजल की निरन्तर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की महत्ता के दृष्टिगत यह सदन केन्द्र सरकार से आग्रह करता है कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया जाए। तीसरा संकल्प प्रस्ताव महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने प्रस्तुत किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि प्रदेश के गांवों के सर्वांगीण विकास एवं उत्थान के लिए यह सदन केन्द्र सरकार से आग्रह करता है कि देश के अन्नदाता किसानों को राहत प्रदान करने के लिए राष्ट्रीयकृत एवं व्यावसायिक बैंकों के ऋणी किसानों के लिए कृषक ऋण माफी योजना लाई जाए। चौथा संकल्प प्रस्ताव आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने प्रस्तुत किया। इस प्रस्ताव में देश के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया गया कि वर्ष 2011 से 2015 की अवधि के बीच आयोजित की गई सामाजिक-आर्थिक जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक किए जाएं तथा अब देश में जातिगत जनगणना कराई जाए।

## भाजपा सांसदों का दिल्ली में प्रदर्शन

# राजस्थान में बढ़ते महिला अपराधों को सांसदों ने बनाया मुद्दा



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान और पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार के मामलों को मुद्दा बनाकर सोमवार को भाजपा के सांसदों ने दिल्ली में प्रदर्शन किया।

संसद भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने भाजपा सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया और पीड़िताओं को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग उठाई। इस मौके पर राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने कांग्रेस और प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार और अपराधों को रोकने में राजस्थान की कांग्रेस सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। गांधी परिवार का कोई भी सदस्य राजस्थान की महिलाओं की बात करने के लिए आगे नहीं आ रहा है। जबकि मैं 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाले आज चुप हैं।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भी रहे मौजूद

यह प्रदर्शन चितौड़गढ़ सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में बढ़ते महिला अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर किया गया। इस दौरान सांसदों के हाथों में दलितों पर अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान, हिंसा का स्थान बन गया है राजस्थान, अपराध बेलगाम नहीं सहेगा राजस्थान, झूठ की पोटली, घोटालो का धंधा नहीं सहेगा राजस्थान जैसे नारे लगी तख्तियां थी। जोशी ने कहा राजस्थान दुष्कर्म के मामलों में देश में नम्बर वन पर पहुंच गया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल रही है।

## गुजरात में इंटरस्टेट डिकॉय कार्रवाई को दिया अंजाम

# भ्रूण लिंग जांच में डिटेन किए गए दोनों आरोपी हुए गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ की ओर से 18 जुलाई 2023 को गुजरात के यशदीप अस्पताल में किए गए सफल इंटरस्टेट डिकॉय ऑपरेशन में डिटेन किए गए दोनों आरोपी चिकित्सकों महेन्द्र कुमार और अन्य सहायक चिकित्सक दीपक कुमार पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दोनों से डिकॉय राशि के कुल 30 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं। गौरतलब है कि इस डिकॉय ऑपरेशन में पूर्व में एक आरोपी महिला दलाल शांता देवी, उम्र 48, निवासी उदयपुर को गिरफ्तार कर लिया गया था। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया की पीसीपीएनडीटी डिकॉय टीम लगातार गत एक सप्ताह से गुजरात के हिम्मत नगर में कैंप कर कार्यवाही को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।



गौरतलब है कि दोनों चिकित्सक तबीयत खराब होने के कारण गत एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे। मिशन निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि प्रदेश में गर्भ में पल रही बेटियों को बचाने की मुहिम के दृष्टिगत विशेष रूप से लिंगानुपात में पिछड़ रहे क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की 787 पदों पर भर्ती

**जयपुर।** राजस्थान आयुर्वेदिक, युनानी, होम्योपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा नियम, 1973 (यथा संशोधित) के अन्तर्गत आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के लिए 135 पद बढ़ाए हैं। जिसके चलते आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के 787 पदों पर भर्ती होगी। पूर्व में 652 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। आयुष विभाग के संयुक्त शासन सचिव भगवत सिंह ने बताया कि इस निर्णय से संविदा चिकित्सकों व बेरोजगार चिकित्सक भी लाभान्वित होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 26 जुलाई है।

## कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टु सिविल पोस्ट के तहत होगी नियुक्ति

# NHM मिशन में 11,723 संविदा कार्मिकों के नियुक्ति आदेश जारी

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा के लिए सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सचिवालय में बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने बताया कि एनएचएम में कार्यरत संविदा कार्मिकों में से 64.69 फीसदी को इस नवीन कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टु सिविल पोस्ट नियम 2022 के तहत नियुक्ति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 18,120 संविदा कार्मिकों में से 11,723 को इस नए नियम 2022 के तहत नियुक्ति दी गई है। उन्होंने शेष नियुक्तियों के लिए स्क्रीनिंग आदेश जारी कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वहीं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि सभी जिलों में नवीन नियम में नियुक्ति से शेष रहे एनएचएम संविदा कार्मिकों की स्क्रीनिंग कार्य चल रहा है। 26 जुलाई से 10 अगस्त तक कार्मिकों के पूर्ण दस्तावेजों के लिए जांच एवं नियुक्ति कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. सोनी ने बताया कि संविदा कार्मिक का केस निर्धारित दिनांक को प्रेषित नहीं किए जाने से उत्पन्न विधिक स्थिति एवं अन्य प्रशासनिक दायित्वों के लिए संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व स्क्रीनिंग टीम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए।

## सीएम की प्रदेशवासियों को सौगात

# इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट होंगे 246 सरकारी स्कूल

■ 3 उपखंड, 7 तहसील और 20 नए उप तहसीलों का होगा गठन

**बेधड़क** | जयपुर

ऐसे अभिभावक जो मोटी फीस के कारण अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में नहीं पढ़ा पाते हैं, उनके लिए खुश खबरी है। गहलोत सरकार अब प्रदेश के 246 सरकारी स्कूलों को इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट करने जा रही है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में रूपांतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि राजस्थान के हर जिले में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल खुल गए हैं।



वहीं अब मुख्यमंत्री के इस निर्णय से राज्य में शिक्षा के स्तर को और बढ़ावा मिलेगा और विद्यार्थी का स्थानीय स्तर पर ही इंग्लिश मीडियम स्कूल्स में पढ़ने का सपना साकार हो सकेगा।

इसके तहत अजमेर में 13, अलवर 20, बारां 7, बाड़मेर 6, भरतपुर 10, बीकानेर 8, चित्तौड़गढ़ 3, दौसा 12, धौलपुर 8, डूंगरपुर 5, गंगानगर 7, हनुमानगढ़ 11, जयपुर 32, झुंझुनूं 12, जोधपुर 20, करौली 5, नागौर 18, राजसमंद 8, सवाई माधोपुर 13, सीकर 8, टोंक 12, उदयपुर 7 और जालौर के 1 सरकारी स्कूल को इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट किया जाएगा। इन विद्यालयों में 57 प्राथमिक, 125 उच्च प्राथमिक और 64 उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।

### नए उपखंड व तहसील कार्यालय खुलने से बढ़ेगी सहूलियत

सीएम गहलोत ने प्रशासन की आमजन तक पहुंच आसान बनाने के लिए 3 उपखंड, 7 तहसील और 20 उप तहसील कार्यालयों के गठन को मंजूरी दी है। जोधपुर के बापिणी, जयपुर के किशनगढ़-रेनवाल और रामपुरा डाबड़ी में नए उपखंड कार्यालय खोले जाएंगे। इनमें उपखंड अधिकारी, नायब तहसीलदार के सहित कुल 36 पदों का सृजन होगा। इसके साथ ही विभिन्न जिलों की 6 उप तहसीलों को तहसीलों में क्रमोन्नत और 1 नए तहसील का गठन किया जा रहा है। इनमें दौसा के कुण्डल, धौलपुर के बसई व नवाब, डूंगरपुर के ओबरी, जोधपुर के चामूं, कोटा के चेचट और उदयपुर के फलासियां उप तहसील को तहसील में क्रमोन्नत किया जाएगा। उदयपुर के घासा में नए तहसील कार्यालय भी खोला जाएगा। इनके लिए तहसीलदार सहित कुल 139 पदों का सृजन होगा। वहीं 20 नए उप तहसीलों को मंजूरी दी गई है। इनके लिए 120 विभिन्न पद स्वीकृत किए हैं।

### सिंचाई सुविधा होगी विकसित

सिंचाई सुविधा विकसित करने के लिए सीएम गहलोत ने एनीकट और नहरों के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 33.03 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है, साथ ही भरतपुर शहर में रीको रोड पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए 73.34 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### खुलेंगे अतिरिक्त संकाय

सीएम ने 47 विद्यालयों में अतिरिक्त संकाय खोलने की स्वीकृति दी है। इनमें 39 विद्यालयों में विज्ञान संकाय, 3 में वाणिज्य और 5 में कला संकाय एवं व्याख्याता के 143, प्रयोगशाला सहायक के 39 पद सृजित होंगे।

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स-2023

# भारतीय पुलिस टीम में 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ

**बेधड़क** | जयपुर

कनाडा के विन्नीपेग शहर में 28 जुलाई से 6 अगस्त तक होने वाले वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में राजस्थान पुलिस के 11 खिलाड़ियों का भारतीय पुलिस टीम में कुश्ती, बॉडी बिल्डिंग, तीरंदाजी, तैराकी, एथलेटिक्स और बॉक्सिंग में चयन किया गया है।

एडीजी व राजस्थान पुलिस के मुख्य खेल अधिकारी विशाल बंसल ने बताया कि कुश्ती में सीकर जिले के पुलिस उपनिरीक्षक देशराज, बॉडी बिल्डिंग में भीलवाड़ा के कांस्टेबल बंटी नीलगर और भरतपुर की संजू कुमारी, तीरंदाजी में कैंप पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर में पदस्थापित प्रोबेशनर आरपीएस रजत चौहान, तैराकी में द्वितीय बटालियन आरएसी कोटा के कांस्टेबल अजय सिंह का चयन हुआ है।

इसी प्रकार एथलेटिक्स में जयपुर आयुक्तालय में प्रोबेशनर उपनिरीक्षक शेर सिंह, जिला अलवर में उपनिरीक्षक मीनू, इंटेलिजेंस जयपुर में उपनिरीक्षक प्रोबेशनर किरण बालियान, जिला गंगानगर में कांस्टेबल प्रवीण कुमार और हाड़ी रानी महिला बटालियन अजमेर में कांस्टेबल चतरु और बॉक्सिंग में पुलिस आयुक्तालय जयपुर के उपनिरीक्षक प्रोबेशनर बृजेश यादव का चयन किया गया है।

## जरूरी खबर

### हैड कांस्टेबल को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत



**जयपुर।** जयपुर में ड्यूटी से घर लौट रहे हैड कांस्टेबल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। घटना गोपालपुरा बाईपास पर गजसिंहपुरा के पास रविवार रात करीब 11 बजे की है। ज्योति नगर थाने में तैनात हैड कांस्टेबल गणपत लाल यादव (51) मूलतः अमरपुरा शाहपुरा हाल वृंदावन विहार मानसरोवर के रहने वाले थे। जो ड्यूटी कर बाइक लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गणपत के भाई एएसआई अर्जुन ने दुघर्टना अनुसंधान इकाई दक्षिण में एफआईआर दर्ज करवाई है।

### आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर का होगा आयोजन



**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से जयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित बहुल क्षेत्रों के लोगों को निशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए आमेर एवं बस्सी तहसील में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के संयुक्त निदेशक (प्रशासन) ने बताया कि 2 अगस्त को बस्सी तहसील के श्रीरामनगर गांव में और 3 अगस्त को आमेर तहसील के उदयपुरिया गांव में निशुल्क आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के आयोजन के लिए पांच-पांच चिकित्सा अधिकारियों एवं सहयोग अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**महाविद्यालयों में गिरता शिक्षा का स्तर:** विद्या संबल योजना के तहत सह आचार्य के पदों पर नियुक्ति की मांग

# राजसेस सोसायटी कॉलेज में सैकड़ों पद खाली, पढ़ाई ठप

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में राजसेस सोसायटी के माध्यम से संचालित 257 कॉलेज में शिक्षण व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

सोसायटी के माध्यम से संचालित कॉलेजों में इस सत्र की शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियां अभी तक नहीं हो पाई हैं। गौरतलब है कि पिछले दो साल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेश में 257 कॉलेज खोले गए थे, जिसमें विद्या संबल योजना के तहत सहायक एवं सह आचार्यों पदों पर भर्ती की गई थी। वहीं प्राचार्य पदों पर राजकीय महाविद्यालयों से प्रतिनियुक्ति पर लगाए जाते हैं। महाविद्यालयों में प्राचार्यों, सहायक एवं सह आचार्यों पद रिक्त होने से शैक्षिक व्यवस्था चौपट हो रही है।

जानकारी के अनुसार सोसायटी के अंतर्गत कॉलेज में केवल 14 प्राचार्य पदों पर ही प्रतिनियुक्ति ली हैं। शेष सभी पद खाली हैं। शैक्षणिक और अशैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के शैक्षिक कार्य के साथ साथ खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी सहित कई कार्य बाधित हो रहे हैं।



**फाइनेंस डिपार्टमेंट में अटकी फाइल**

सोसायटी महाविद्यालयों में सहायक आचार्यों के नियुक्ति मामले में आयुक्तालय की ओर से फाइल फाइनेंस डिपार्टमेंट में भेजने का हवाला देकर नियुक्ति नहीं की जा रही है। वित्त विभाग पुराने नियमों पर नियुक्ति देने की अनुमति दे रहा है, वहीं शिक्षा विभाग कुछ फेरबदल चाहता हैं। पहले विद्या संबल योजना के तहत एक शिक्षक को 57 कालांश और 45 हजार के मानदेय देने का नियम के तहत नियुक्ति दी गई थी। वहीं कॉलेज में नियुक्ति को लेकर विधानसभा के मानसून सत्र में भी कई विधायकों ने सवाल कर चुके हैं।

**1 जुलाई से शुरू हुआ था शैक्षणिक सत्र**

प्रदेश के सरकारी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र एक जुलाई से शुरू हो चुका है और प्रवेश प्रक्रिया से लेकर अध्यापन का कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से काम सुचारू रूप से नहीं हो पा रहे हैं। पिछले दो शैक्षणिक सत्र में सोसायटी के कॉलेज में विद्या संबल योजना के माध्यम से सहायक आचार्य को गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्य कर रहे थे, लेकिन आयुक्तालय द्वारा 13 मार्च को मौखिक आदेश से निकाल दिया गया था। इसलिए अभी नए 257 कॉलेजों में पढ़ाने के लिए सरकार के पास कोई व्यवस्था नहीं है।

**यह है पदों की स्थिति**

प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सोसायटी के अंतर्गत 241 प्राचार्य के पद रिक्त हैं। वहीं सह, सहायक आचार्य व व्याख्याता के 1680 पद रिक्त हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष व पीटीआई के सभी 240-240 पद भी रिक्त हैं। वहीं महाविद्यालयों में करीब 2000 अशैक्षणिक वर्ग के पद रिक्त हैं। वहीं 22 जुलाई को प्रदेश की संस्कृत कॉलेज में 100 पदों पर नियुक्तियों के आदेश जारी हुए हैं।

**हाल-ए-मौसम:** बारिश से भी नहीं मिली उमस भरी गर्मी से राहत

# उफ! उमस भरी गर्मी ने किया हाल बेहाल, पसीने से तरबतर

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, सोमवार तक प्रदेश में औसत से 88% अधिक बारिश

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में सुबह से लेकर शाम तक गर्मी ने आमजन को परेशान किया। हालांकि दिन में शहर के कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश भी हुई, मगर यह आमजन को गर्मी से निजात दिला पाने में असफल साबित रही। दिन में यहां का तापमान रविवार की तुलना में 2 डिग्री बढ़कर 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर सोमवार को भी उदयपुर के जलाशयों और टोंक के बीसलपुर बांध में पानी की आवक जारी रही। प्रदेश एक दर्जन से अधिक जगह हल्की बारिश दर्ज की गई, तो वहीं राज्य के सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मगर उमस ने प्रदेशवासियों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

मौसम विभाग की ओर से मंगलवार से राज्य में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके बाद आमजन को गर्मी से राहत मिलेगी। प्रदेशभर में सोमवार तक औसत बारिश से 88 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में इस वर्ष सोमवार तक 315.5 एमएम बरसात दर्ज की जा चुकी है। जो औसत बारिश से 88 प्रतिशत अधिक है।



**फतहसागर के गेट खोले तो वल्लभनगर बांध का बढ़ा जलस्तर**

उदयपुर की फतहसागर झील में सोमवार को भी पानी की आवक जारी रही। इसके बाद झील स्थित पानी के गेट खोलने से आयड़ होकर पानी उदयसागर पहुंचा। उदयसागर के खोले गेट से पानी वल्लभनगर बांध में पहुंचा। इधर वल्लभनगर बांध के जल्द भरने की उम्मीदें हैं। गौरतलब है कि 19.5 क्षमता वाले वल्लभनगर बांध का जलस्तर सोमवार को 15.8 फीट पर था, यह बांध 3.7 फीट ही खाली है।

**बीसलपुर: 313.54 आरएल मीटर पहुंचा बांध का जलस्तर**

टोंक जिले के बीसलपुर बांध में रविवार से ही पानी की आवक जारी है। यहां सोमवार को भी एक सेमी पानी आया, जिसके बाद बांध का जलस्तर 313.54 आरएल मीटर पहुंच गया। इस बांध की कुल भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर है। इधर, सहायक नदी त्रिवेणी का भी जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, सोमवार को यह नदी 3.30 मीटर पर बह रही थी।

**आज से बढ़ेंगी बारिश की गतिविधियां**

मौसम केंद्र जयपुर निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार से मानसून ट्रफ लाइन के नॉर्मल स्थिति में आने से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के जिलों में मानसून सक्रिय होने से अधिकतर भागों में हल्के से मध्यम बारिश व कहीं-कहीं भारी बरसात होने की प्रबल संभावना है। दूसरी तरफ 27 जुलाई से दक्षिण पश्चिमी राजस्थान में बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा उत्तर-पूर्वी व पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

**4 जिलों को छोड़ सभी जगह के लिए येलो अलर्ट**

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार मंगलवार को 6 जगह भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जगहों में नागौर, जोधपुर, उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर और चित्तौड़गढ़ में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अलवर, भरतपुर, धौलपुर और करौली को छोड़कर प्रदेश की सभी जगह बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**राजस्थान विवि के स्टूडेंट्स हुए परेशान**

# OPS को लेकर शिक्षकों का 3 घंटे मौन सत्याग्रह




बेधड़क | जयपुर

ओल्ड पेंशन संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सोमवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में राजस्थान शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों ने कार्य बहिष्कार किया।

समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि वित्त विभाग की ओर से स्वायत्तशासी संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों के लिए जारी ओपीएस आदेश के तहत नियोक्ता अंशदान राशि जमा कराने की शर्त हटाने को लेकर प्रदेश के समस्त 28 राजकीय विश्वविद्यालयों के शिक्षक और कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया। शिक्षकों ने प्रवेश प्रक्रिया और परीक्षा कार्य का भी बहिष्कार किया। इससे स्टूडेंट्स और अभिभावक भी परेशान होते नजर आए। अध्यक्ष डॉ. संजय ने बताया कि आगामी दिनों में मांगें नहीं माने जाने पर पूरे दिन कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

### भगवानदास पर 25 हजार का इनाम

बेधड़क | जयपुर



जयपुर कमिश्नरनेट के डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा डूडी ने भगवानदास मीणा पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। आरोपी धौलपुर के बाड़ी का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ राजस्थान के साथ-साथ दिल्ली व यूपी सहित कई राज्यों के पुलिस थानों में 42 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। रामगंज थाने में आर्म्स एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा है।

**डिस्कॉम कर्मियों ने मंत्री सुभाष गर्ग को सौंपा ज्ञापन**

# 100वें दिन भी जारी रहा धरना

बेधड़क | जयपुर

इंटर डिस्कॉम तबादलों की मांग को लेकर डिस्कॉम कर्मियों का 100वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। इंटर डिस्कॉम संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि प्रदेश के सभी विधायक व मंत्रियों को मांग को लेकर ज्ञापन सौपे गए हैं, लेकिन डिस्कॉम कर्मियों की मांग पिछले 23 सालों से पूरी नहीं हो रहीं है। सोमवार को डिस्कॉम कर्मियों ने तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष गर्ग को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर तबादले करवाने की मांग की।



**11 सूत्रीय मांगों को लेकर जयपुरिया अस्पताल में नर्सेज आज देंगे धरना**

# गणगौरी चिकित्सालय में नर्सेज का धरना

बेधड़क | जयपुर

प्रदेशभर में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नर्सेज का धरना 7वें दिन भी जारी रहा। इधर, प्रदेश के सभी चिकित्सालयों के साथ जयपुर में एसएमएस चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर चल रहा धरना भी जारी रहा।

राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश सह सयोजक मनोज दुब्बी ने बताया कि राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर वेतन विसंगति दूर करने, वर्तमान परिपेक्ष्य में कैडर रिव्यू करने, ठेका प्रथा भर्ती पर रोक लगाने, नर्सिंग ट्यूटर एएनएम पदनाम परिवर्तन करने, स्वतंत्र निदेशालय की स्थापना समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है। इसके अलावा यूटीबी एनएचएम में योजना में संविदा सेवा को नियमित सेवा में जोड़कर नोशनल लाभ दिया जाए। वहीं सोमवार को गणगौरी चिकित्सालय के नर्सेज ने रतन लाल झाझड़िया, कुंदन सैनी और महेश चौधरी के नेतृत्व में धरना दिया। मंगलवार को जयपुरिया चिकित्सालय के नर्सेज धरना देंगे।



**शोपीस बना फायर सिस्टम**

# वाहन फिटनेस में आमजन पर निगरानी, खुद की सुरक्षा भगवान भरोसे!

निरंजन चौधरी | बेधड़क

**जयपुर।** राजधानी के झालाना स्थित आरटीओ के दफ्तर में आग बुझाने के लिए लगाए गए एक दर्जन से अधिक अग्निशमक यंत्र शोपीस बने हुए हैं। इतना ही नहीं यहां लगे यंत्रों में से आधे से अधिक में तो आग बुझाने वाली कार्बनडाई ऑक्साइड गैस ही नहीं है।

इसके अलावा यंत्र की दयनीय स्थिति को देखकर ऐसा लगता है जैसे ये कई वर्षों से अपनी जगह से ही नहीं हिले। गौरतलब है कि पिछले दिनों राजधानी के जेकेलोन अस्पताल में आग लगी थी। इसमें वहां मौजूद कर्मचारियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों को बचाया था। इसके बाद फायर सिस्टम को लेकर अधिकतर विभागों में अलर्ट जारी किया गया था। मगर आरटीओ प्रशासन का ध्यान यहां लगे अग्निशमक यंत्रों की ओर नहीं गया, जबकि यहां प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपने कमरे में पहुंचने से पहले इनके पास से गुजरना पड़ता है, इसके बावजूद भी किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया।



> अगर ऐसा है तो मैं दिखवा लेता हूं।
> **विजेंद्र सिंह,** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी

**फ्लोर पर लगे 6 यंत्र, आधे से अधिक में गैस ही नहीं**

झालाना स्थित आरटीओ ऑफिस में पहले फ्लोर पर 6 अग्निशमक यंत्र लगाए गए हैं, जिनमें आधे से अधिक यानी 4 तो बिना गैस ही शोपीस लटके हुए हैं। इसके अलावा जिन दो में आधी गैस है उनको देखकर भी लगता है जैसे सालों से उनकी रिफलिंग ही नहीं हुई। वहां लंबे समय से कार्यरत कुछ कर्मचारियों ने बताया कि इनकी तरफ किसी का ध्यान नहीं है, अगर कल को कोई आग लगने जैसा हादसा हो जाएगा, तब ही इनकी सुध ली जाएगी।

**एक्सपायरी डेट ही गायब**

आरटीओ में लगे आग बुझाने के यंत्रों की स्थिति देखने पर लगता है कि इन्हें लंबे समय से बदलवाना तो दूर उतारा तक नहीं गया है। इनके ऊपर से एक्सपायरी डेट ही गायब है। अगर भविष्य में कोई भी आग जैसी यहां दुर्घटना होती है तो ये यंत्र कोई काम ही नहीं आएंगे। गौरतलब है कि जहां ये यंत्र लगाए गए हैं, आसानी से सभी जिम्मेदारों को नजर भी आते हैं, मगर बानगी यह है कि इनकी तरफ किसी ने झांकने तक को जरूरी नहीं समझा।

**यह है नियम**

प्रत्येक ऑफिस में फायर फाइटिंग सिस्टम को प्रतिवर्ष रिफिलिंग कराना जरूरी होता है। इसके अलावा जरूरत के अनुसार निगम की ओर से प्रत्येक ऑफिस में अग्निशमक यंत्र के लिए बाध्य किया जाता है।

**सुरक्षा का सवाल**

आरटीओ में प्रतिदिन सैकड़ों आमजन और कर्मचारी उपस्थित रहते हैं। इसके अलावा यहां नई से लेकर पुरानी गाड़ियां भी रजिस्ट्रेशन के अलावा फिटनेस के लिए आती हैं। इस दौरान अगर यहां कोई छोटी सी भी चूक होती है तो बड़ा खतरा हो सकता है। इससे निपटने के लिए आरटीओ विभाग के पास फायर सिस्टम तक नहीं है।

**वाहन फिटनेस में जरूरी है अग्निशमक यंत्र**

आरटीओ नए वाहन के रजिस्ट्रेशन के समय और फिटनेस के समय वाहन में अग्निशमक यंत्र का होना जरूरी बताता है। इसके अलावा समय-समय पर इसे बदलवाने की भी हिदायत देता है।

## जरूरी खबर

### मणिपुर घटना के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




**चौमूं।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के बैनरतले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोविंदगढ़ कस्बे में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ता मणिपुर हम शर्मिंदा हैं... जैसे नारे लिखी तख्तियां भी लेकर चल रहे थे। कार्यकर्ता जलती हुई मोमबत्तियों के साथ पंचायत समिति भवन के सामने पहुंचे एवं प्रतिरोध सभा की। इसमें प्रो. सीबी यादव ने बताया कि मणिपुर की घटना को समाज में इंसानियत के संकट के तौर पर देखा जाना चाहिए। यदि आज मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मौन रहते हैं तो यह सवाल उठता है कि जिन्हें नाज है हिन्द पर, आज वो कहां है?

### लापता नाबालिग को जयपुर से किया दस्तयाब

**कोटा।** कुल्हाड़ी थाना इलाके से लापता एक 17 साल की नाबालिग को मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने जयपुर में चौखी ढ़ाणी क्षेत्र से दस्तयाब कर लिया है। सिटी एसपी शरद चौधरी ने बताया कि थाना कुन्हाड़ी में एक नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज होने पर पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान सेल उमा शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने चोखी ढ़ाणी के पीछे गोनेर मोड़ से नाबालिग को दस्तयाब किया। नाबालिग अपने मित्र से मिलने कोटा से जयपुर पहुंची और दोनों घूमने दिल्ली गए। वहां से वापस जयपुर आए।

### रींगस कस्बे के धीरेंद्र वर्मा बने आईपीएस



**सीकर।** यूपीएससी की ओर से घोषित सिविल सेवा परीक्षा परिणाम 2022 में सफल अभ्यर्थियों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार की ओर से सर्विस अलॉट हुई है। सीकर जिले के रींगस कस्बें निवासी धीरेंद्र वर्मा को आईपीएस सर्विस अलॉट हुई है। धीरेंद्र ने सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में 789 रैंक हासिल की थी। धीरेंद्र अभी तमिलनाडु में त्रिची में डिप्टी कमिश्नर सीजीएसटी है। सर्विस अलॉट होने के बाद पहली बार रींगस आने पर धीरेंद्र का कस्बेवासियों ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। समारोह में उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस दौरान धीरेंद्र के पिता गुरुप्रसाद वर्मा का भी माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

**हादसा-दर-हादसा:** प्रदेश के तीन जिलों में देखने को मिला तेज रफ्तार का कहर, एक बुजुर्ग और महिला ब्रेन डेड

# सड़क हादसों में सात लोगों की गई जान, छह गंभीर घायल

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

प्रदेश के तीन जिलों में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। इसके चलते अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोगों की जान चली गई वहीं छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक हादसे में एक बुजुर्ग और एक महिला ब्रेन डेड पाए गए। हादसों के दौरान दुर्घटना का शिकार हुए लोगों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग और राहगीर मदद के लिए दौड़े। वहीं पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया और मृतकों के शव मोर्चरी में रखवाए। इन हादसों में वाहनों के परखच्चे उड़ गए।

### भीलवाड़ा: ट्रेलर ने 2 युवकों को 100 फीट तक घसीटा, मौके पर मौत

प्रदेश के भीलवाड़ा जिले में सबल सागर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से अपने काम से घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर बाइक सहित दोनों युवकों को घसीटते हुए करीब 100 फीट तक ले गया। ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद बदनोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपे। बदनोर थानाधिकारी रामकिशन ने बताया कि रविवार देर रात बदनोर निवासी सूरज पुत्र गोपाल सिंह कच्छावा और मनीष पुत्र अमर सिंह रावणा राजपूत बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सबल सागर मार्ग पर हादसे का शिकार हो गए। मृतकों के परिजनों ने बताया कि सूरज आसींद और मनीष भीम में काम करता था। सूरज अपने घर में इकलौता कमाने वाला था। दोनों की मौत के बाद पूरे गांव में मातम छा गया।

### बांसवाड़ा: दो बाइक की भिड़ंत में दो लोगों की मौत

जिले में सोमवार सुबह 9 बजे तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 5 लोग घायल हुए थे। जिनमें बाइक सवार एक महिला सहित 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर घायल हो गए। परपाडला पुलिस चौकी के कांस्टेबल सुनील ने निजी वाहन से मृतकों के शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं घायलों को इलाज के अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि मृतक बुजुर्ग महिला व घायल बाइक चालक की पहचान नहीं हो पाई है। एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं दूसरी बाइक सवार (40) गौतमेश्वर पुत्र हकरू मईडा निवासी कटुंबी की मौके पर मौत हो गई। आएएमजी अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर दिनेश माहेश्वरी ने बताया कि हादसे में घायल सभी लोगों को यहां लाया गया। उसमें एक बुजुर्ग और एक महिला ब्रैन डेड थे। बाकी 3 घायलों को उपचार के लिए भर्ती कर लिया है। एक की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचित दी और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बीकानेर: बस-कार की टक्कर में तीन की मौत, 3 घायल

जिले में सोमवार शाम को भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई वहीं तीन लोग गंभीर घायल हो गए। हादसा मुख्य नहर की एक हजार आरडी पर हुआ, जहां तेज रफ्तार बस ने कार को टक्कर मार दी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार, बस बज्जू से गुजरात जा रही थी। वहीं कार बिकमपुर की तरफ से आ रही थी। इसी दौरान मुख्य नहर की एक हजार आरडी पर बस ने कार को टक्कर मार दी। कार सवार सभी लोग रामदेवरा से बज्जू की तरफ आ रहे थे। हादसे में एक महिला और 2 पुरुषों की मौत हुई है।

**लसाड़िया में पूर्व विधायक** के मूर्ति अनावरण पर बोलीं पूर्व सीएम

# कांग्रेस विधायक खोल रहे मोर्चा अब सरकार का डूबना तय: राजे

■ प्रदेश में बढ़ते अपराधों को लेकर गहलोत सरकार पर बोला हमला

**बेधड़क** | उदयपुर

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के विधायक अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं। ऐसे में इस सरकार का डूबना तय है। उन्होंने कहा कि जब जहाज डूबने लगता है, तो सब उसे छोड़ कर भागने लगते हैं। अफरा-तफरी मच जाती है। यही हाल गहलोत सरकार का है।

पहली बार विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसलिए इस सरकार को डूबने से अब कोई नहीं बचा सकता। राजे सोमवार को जिले के लसाड़िया में पूर्व विधायक स्व. गौतम लाल मीणा की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में बोल रही थीं।

इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है 2003 और 2013 को दोहराने का। इसके लिए हमें पीएम मोदी की उपलब्धियां, हमारी पिछली भाजपा सरकार के काम, कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम और हमारी एकजुटता के माध्यम से लड़ाई लड़नी होगी, तब ही हमें विजय मिलेगी।

उन्होंने कहा घर बैठे गंगा नहीं आएगी। कई बार खरगोश सोया रह जाता है और कछुआ आगे निकल जाता है। राजे ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर पूरे देश में सबसे अधिक कहीं भ्रष्टाचार है, तो वह राजस्थान में है। महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, दुष्कर्म, गैंगवार, गैंगरेप, लूट, हत्या भी प्रदेश में सर्वाधिक है।

वहीं सरकार की शह पर धर्म परिवर्तन हो रहा है। राजे ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मुफ्त बिजली बिल योजना को लेकर कहा कि किसानों को बिजली तो मिल ही नहीं रही और ये बिजली के बिलों में 100 यूनिट माफ करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली तो नहीं आ रही पर बिलों में करंट जरूर आ रहा है।



### गौतम को कभी उदास या निराश नहीं देखा

दिवंगत विधायक मीणा की मूर्ति का अनावरण करने के दौरान राजे ने कहा मैंने कभी भी गौतम लाल को उदास या किसी पर नाराज होते नहीं देखा। वे हमेशा मुस्कुराते रहते थे। गौतम और मेरा भाई-बहन का रिश्ता था। यह कहते हुए राजे की आंखें नम हो गई। उन्होंने जनसभा में दिवंगत विधायक की पत्नी हीरा देवी मीणा को मंच पर अपने पास बिठाया। राजे का लसाड़िया पहुंचने पर दिवंगत पूर्व विधायक के बेटे कन्हैयालाल मीणा और पार्टी के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी नहीं पहुंच पाए थे, ऐसे में उन्होंने वर्चुअली संबोधित किया।

### स्व. गौतम के नाम करेंगे कॉलेज

पूर्व सीएम राजे ने कहा कि हम एक कॉलेज का नाम दिवंगत गौतम लाल के नाम पर रखेंगे, ये हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गौतमलाल मीणा ने हमेशा जनता से जुड़ाव रखा और जनता ने भी उनको पूरा स्नेह दिया। राजे ने कहा कि हमें गौतमलाल के बेटे कन्हैया जैसे नौजवानों के हाथ मजबूत करने हैं। वर्तमान कांग्रेस सरकार ने भाजपा सरकार की योजनाओं का नाम बदला है, इसके लिए अब सबक सिखाना होगा। यह सरकार झूठे वादों की सरकार है। उप चुनाव में धरियावद के मुंगाणा में तहसील व पंचायत समिति की घोषणा कर गए, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई अधिसूचना जारी नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा किसी प्रदेश में भ्रष्टाचार हो रहा है तो वह राजस्थान में हो रहा है। उन्होंने कई मुद्दों पर गहलोत सरकार को आड़े हाथों लिया।

**आरोपी पति ने थाने में किया सरेंडर**

# पहले जमकर की पिटाई फिर पत्नी की गला दबाकर हत्या

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले में एक पति ने पत्नी की पहले जमकर पिटाई की। इससे भी मन नहीं भरा तो बाद में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पति खुद ही थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पिता ने आरोपी दामाद के खिलाफ हत्या और दहेज का मामला दर्ज करवाया। जानकारी के अनुसार घटना भरतपुर के नई अनाज मंडी पेप्सी गोदाम के पास हरिजन बस्ती की है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब 11 बजे नितेश (25) ने अपनी पत्नी प्रीति (24) की जमकर पिटाई की और फिर उसका गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी पति भरतपुर कोतवाली थाने में सरेंडर करने पहुंच गया। मृतका प्रीति के



पिता डीग के गोवर्धन घाट निवासी यादराम ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 7 फरवरी 2022 को अपनी 2 बेटियों प्रीति और पायल की शादी दो भाई नितेश और अभिषेक के साथ की थी। शादी में 20 लाख रुपए खर्च किए थे और हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद बेटियों के ससुराल वाले दहेज में 5 लाख रुपए और कार की डिमांड कर रहे थे। इसके लिए आए दिन मारपीट करते थे।

### छोटी बेटी ने पिता को दी सूचना

मृतक के पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि मारपीट की वजह से छोटी बेटी पायल अपने पीहर आ गई थी, लेकिन उसके ससुराल वाले रविवार को डीग आए। वे अपने साथ बड़ी बेटी प्रीति को भी लेकर आए थे। बेटियों के साथ मारपीट नहीं करने का आश्वासन देकर प्रीति और पायल दोनों को अपने साथ भरतपुर ले गए थे। इसके बाद देर रात करीब 11 बजे छोटी बेटी पायल का फोन आया। उसने बताया कि बड़ी बहन प्रीति के साथ ससुराल वाले मारपीट कर रहे हैं।

**एक माह तक अलग-अलग** जगहों पर ले जाकर किया दुष्कर्म

# युवती को अपहरण के बाद बंधक बनाकर 3 युवकों ने किया गैंगरेप

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में एक 20 वर्षीय युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। तीन युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गए और वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने मदनगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि मदनगंज थाना क्षेत्र निवासी एक युवती (20) ने शिकायत दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि 20 जून को शाम को भैरू रावत और मुकेश रावत



बाइक लेकर आए। दोनों युवक उसे मां से मिलाने की कहकर धोखे से खोड़ा गणेश रोड पर ले गए। वहां पहुंचकर मुकेश रावत ने अपने एक और साथी श्रवण रावत को फोन कर बुला लिया। तीनों आरोपी उसे हाउसिंग बोर्ड के जंगल में ले गए और उसके साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया।

बाद में उसे बंधक बनाकर रखा। युवती के परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच आरोपी उसे केकड़ी और फिर ब्यावर रोड पर एक दुकान में ले गए। यहां भी आरोपियों ने युवती को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। 20 जुलाई को श्रवण रावत का भाई और महेंद्र रावत उसे खोड़ागणेश रोड स्थित गेट पर छोड़ कर चले गए।

**पुलिस ने दबोचा,** आरोपी पर 25 हजार का ईनाम किया था घोषित

# महिला के वेश में फरार होने की फिराक में था गैंगस्टर कुलदीप हत्याकांड का आरोपी

**बेधड़क** | भरतपुर

कुलदीप जघीना हत्याकांड में भरतपुर पुलिस को सोमवार को एक और बड़ी सफलता मिली है। जिला स्पेशल टीम ने धौलपुर जिले में महिला का वेश धरकर रह रहे हत्या के आरोपी राहुल उर्फ भोला निवासी ऊंचा नगला थाना चिकसाना को गिरफ्तार किया है।



एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 12 जुलाई को हुए कुलदीप जघीना हत्याकांड मामले में फरार चल रहे बदमाश राहुल उर्फ भोला जाट पर 25 हजार रुपए ईनाम की घोषणा कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम ने फरार आरोपियों की तलाश में लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। इसी दौरान मुखबिर सूचना और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से आगरा-धौलपुर हाईवे स्थित हिनौता चौकी के पास किसी साधन के इंतजार में खड़े आरोपी राहुल को पुलिस ने दबोच लिया।

### पुलिस को गच्चा देने को बदला हुलिया

आरोपी राहुल जाट महिला का वेश धारण कर खुद को छुपाते हुए खड़ा था और किसी साधन से कहीं भागने की तैयारी में था। जिसे डीएसटी प्रभारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा धौलपुर से डिटेन कर थाना हैलेना पुलिस को सौंपा गया। आरोपी से वारदात में शामिल अन्य आरोपी, हथियार, उपयोग में लिए गए संसाधनों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

**विवाहिता को फंदे पर लटकी छोड़ गया**

# विवाहिता ने प्रेमी संग लगाया फंदा, डर के मारे फंदा हटाकर भागा युवक

**बेधड़क** | बाड़मेर

जिले में प्रेम प्रसंग का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। चार बच्चों की मां को 19 साल के युवक से प्यार हो गया। उसके प्रेम में वह ऐसी दीवानी हुई कि शादी नहीं कर पाने के चलते दोनों ने आत्महत्या का प्लान बनाया।

इसके लिए दोनों सुनसान जगह पहुंच भी गए। खेजड़ी के पेड़ पर रस्सी से दो फंदे भी बना लिए, लेकिन इस मामले में ट्विस्ट तब आया जब विवाहिता को मरते देख युवक डर गया और फंदे को हटाकर भाग गया। वहीं फंदे पर झूलने से विवाहिता की मौत हो गई। यह घटना बाड़मेर में चौहटन उपखंड के विष्णुनगर, सोमाणियों की ढाणी की है। हादसे के बाद पुलिस ने प्रेमी युवक को घर से हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, युवक वीरमाराम (19) पुत्र सुरताराम विष्णु नगर चौहटन आगोर का रहने वाला है। वहीं, पूरोदेवी (30) पत्नी रुपाराम बामणोर गांव की रहने वाली है। उसका पीहर धोरीमन्ना उपखंड के लूखु गांव में है। पूरोदेवी शनिवार को अचानक घर से लापता हो गई। विवाहता के पति ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन 2 दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। वहीं रविवार देर शाम को ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक खेजड़ी के पेड़ के नीचे महिला का शव फंदे से लटक रहा है। सूचना के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे।

वहां जाकर देखा तो पूरोदेवी का शव पेड़ पर फंदे से झूलता हुआ मिला। घटना के बाद परिवार के लोगों ने चौहटन थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस को खेजड़ी के पेड़ पर दो फंदे लगे हुए मिले। पुलिस की पूछताछ में जानकारी सामने आई कि वीरमा महिला के प्रेम प्रसंग की बात सामने आने पर पुलिस प्रेमी युवक के घर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक भागकर टांके में कूदने जा रहा था। मौके पर खड़े लोगों ने उसे पकड़कर लिया।



### परिजनों को बाजार से सामान लाने की बात कहकर आई थी महिला

युवक से पूछताछ में सामने आया कि पूरोदेवी उससे मिलने के लिए शनिवार को दोपहर के समय ससुराल से सामान लाने कह कर निकली थी। विवाहिता ससुराल से चौहटन पहुंच गई। वहां पर उसे वीरमाराम मिल गया। इसके बाद चौहटन कस्बे में खरीददारी कर दोनों युवक के घर विष्णु नगर चले गए। शनिवार की रात दोनों ने साथ बिताई। इसके बाद दोनों ने साथ में सुसाइड करने की प्लानिंग की और घर से करीब 100 मीटर दूर सोमाणियों की ढाणी गांव में खेजड़ी के पेड़ पर रस्सी से दो फंदे बनाए। दोनों गले में फंदा डालकर कूदे। इससे महिला की मौत हो गई, वहीं महिला को मरता देख युवक डर गया और फंदा निकालकर भाग गया।

### इधर एक-दूजे को रस्सी से बांध तालाब में कूदा प्रेमी युगल

**जोधपुर।** उधर जोधपुर में भी प्रेमी युवक के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। दोनों युवक-युवती एक दूसरे को रस्सी से बांधकर तालाब में कूद गए। सोमवार सुबह दोनों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को पानी से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। फिलहाल, दोनों के सुसाइड करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार घटना जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र में ओसियां थाना क्षेत्र के डाबड़ी गांव के भाखरों की नाड़ी की है। ओसिया थाना अधिकारी भारमल चौधरी ने बताया कि युवक-युवती ने जींस, शर्ट और जूते पहने हुए थे। दोनों एक दुपट्टे से बंधे हुए थे। दोनों के शव सोमवार को तालाब में नजर आए तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मृतकों के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### ICAI जयपुर चैप्टर की फेलिसिटेशन सेरेमनी

# नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सीनियर्स से मिले ब्राइट फ्यूचर के टिप्स

**बेधड़क** | जयपुर

इस वर्ष नए बने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का आईसीएआई (ICAI) की जयपुर शाखा ने सीए समुदाय में स्वागत किया और उनका आगे की प्रोफेशनल राह के लिए मनोबल बढ़ाने के साथ ही उनकी शंकाओं का समाधान किया।




आईसीएआई जयपुर शाखा की ओर से सोमवार को एक होटल में आयोजित फेलिसिटेशन कार्यक्रम में स्थापित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने नए प्रोफेशनल्स को मोटिवेट कर उनको ब्राइट फ्यूचर के लिए टिप्स दिए। यह कार्यक्रम मई-2023 सीए फाइनल परीक्षा में सफल हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए आयोजित किया गया था। सम्मान समारोह के दौरान सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा ने नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बधाई देते हुए उनकी सफलता की प्रशंसा की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया की इस प्रोग्राम का उद्देश्य नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का मार्गदर्शन करना है ताकि वो अपने कॅरियर का सही चयन कर सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें। कार्यक्रम के विशेष अतिथि एनएवी बैक ऑफिस के एमडी अनिल अग्रवाल ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना गर्व की बात है। यह एक अद्भुत समय है जब आपने अपनी शिक्षा, धैर्य और मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने की कामना की। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने नए सीए को भविष्य में उच्चतर स्तर पर काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका देश की आर्थिक प्रगति और वित्तीय प्रशासन में महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में आपको अपने प्रोफेशन की रिस्पॉन्सिबिलिटी को ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईसीएआई जयपुर शाखा सभी नए सीए मेंबर्स की सफलता पर गर्व महसूस करती है और उनका सीए समुदाय में एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में स्वागत करती है। समारोह के दौरान करीब 400 नए सीए मेंबर्स को मेडल देकर सम्मानित किया ।

### सफलता के लिए दिया 4 P's का मंत्र

वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने नए सदस्यों को कॅरियर ग्रोथ के लिए 4 P's का मंत्र दिया। कॅरियर की सफलता के रास्ते खोलने वाले इन 4 P's में पहला P 'पर्पज' के लिए है जिसका मतलब है कि पहले अपनी प्रोफेशनल लाइफ का उद्देश्य तय करें और इसके अनुसार इंडस्ट्री चुनें। दूसरा P 'पैशन' के लिए आता है जिसका मतलब है कि अपने जुनून को बनाकर रखें और इसके अनुसार ही वर्किंग फील्ड चुनें। तीसरा P 'पर्सीवरेंस' के लिए स्टेंड करता है, मतलब कॅरियर ग्रोथ के लिए लगातार धैर्य के साथ मेहनत करना जरूरी है। चौथा P 'पॉजिटिविटी' के लिए है, मतलब अपनी प्रोफेशनल यात्रा के दौरान सकारात्मकता बनाकर रखना जरूरी है।

## Yuva स्टोरीज




**मैनेजमेंट एजुकेशन में स्थिरता पर हुई चर्चा |**

**जयपुर।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में पीजीडीएम के 18वें बैच का इंडक्शन प्रोग्राम सोमवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर 'यूएन पीआरएमई जयपुर चैप्टर मीट' का आयोजन हुआ। जयपुरिया इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज ने अपने स्वागत भाषण में कार्बन उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर विचार रखे। इस सत्र के दौरान विभिन्न विषयों पर एक पैनल टॉक का भी आयोजन किया गया। पैनल टॉक का संचालन यूएन पीआरएमई इंडिया चैप्टर हेड डॉ. चंद्रिका परमार और प्रो. एसपी जैन ने किया। इस दौरान पैनलिस्ट डॉ. भारती शर्मा और डॉ. मनीषा कौशिक थीं। डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. नमिता जैन और मालविका बागरिया ने सत्र की शुरुआत की। डॉ. चंद्रिका ने यूएन पीआरएमई ब्लू प्रिंट : प्रबंधन शिक्षा में स्थिरता को एकीकृत करने के बारे में उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह बिजनेस स्कूलों और विश्वविद्यालयों के लिए पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए एक व्यापक ढांचा और दिशा-निर्देश प्रदान करता है जो पर्यावरणीय, सामाजिक और नैतिक चुनौतियों का समाधान करता है। यह भविष्य के प्रबंधकों और नेताओं के बीच जिम्मेदार नेतृत्व और टिकाऊ व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देता है। डॉ. वरुण चोटिया ने कहा कि जयपुरिया इंस्टीट्यूट यूएन पीआरएमई के साथ मैपिंग के माध्यम से समाज में योगदान देता है।




**बीआर अंबेडकर विवि में आवेदन 31 तक |**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार के बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में आगामी अकादमिक सत्र के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में आवदेन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आवेदन के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करना होगा। फिर पाठ्यक्रम का चयन कर पात्रता मानदंडों के अनुसार अनिवार्य दस्तावेज अपलोड करने होंगे। इसके बाद वे शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के 18 स्नातक पाठ्यक्रमों में 1 हजार 123 सीट हैं। यूनिवर्सिटी में दाखिला सीयूईटी-यूजी (संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक) स्कोर के आधार पर मिलेगा। विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 16 जून को शुरू की थी। सीयूईटी-यूजी परिणाम 15 जुलाई को घोषित किए गए थे। गौरतलब है कि आवेदनों की संख्या के दृष्टिकोण से बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय देश में चौथे स्थान पर है। इस मामले में पहले स्थान पर दिल्ली विश्वविद्यालय है। आंबेडकर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के छात्रों के लिए 85 प्रतिशत सीट आरक्षित है।



**शास्त्री परीक्षा के आवेदन आज से |**

**जयपुर।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की शास्त्री परीक्षा के लिए आवेदन पत्र मंगलवार से भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक दुर्गेश राजोरिया ने बताया कि शास्त्री के तृतीय वर्ष के छठे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए बिना किसी विलंब शुल्क के फार्म भरने की अंतिम तिथि 2 अगस्त है। इसके बाद 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ 10 अगस्त तक आवेदन किया जा सकेगा।

**जल्द ही घोषित होगा UGC-NET रिजल्ट |**

**जयपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (UGC-NET)-2023 का रिजल्ट 26 या 27 जुलाई को घोषित किया जा सकता है। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने इस संबंध में ट्वीट करते हुए कहा है कि एनटीए का लक्ष्य है कि 26 या 27 जुलाई तक रिजल्ट रिलीज हो जाए। गौरतलब है कि यूजीसी नेट आंसर की 6 जुलाई को जारी की गई थी। उम्मीदवारों को 8 जुलाई तक ऑब्जेक्शन दर्ज करने का मौका दिया गया था। रिजल्ट घोषित होने के बाद कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट ugcnet.nta.nic.in पर अपना रिजल्ट देख पाएंगे।

### VGU स्टूडेंट ने बनाया इनोवेटिव ब्रश

# मृणाल के फिंगरप्रिंट ब्रश को मिला कॉपीराइट

**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत स्टूडेंट मृणाल विदानी द्वारा निर्मित फिंगरप्रिंट ब्रश को भारत सरकार की ओर से कॉपीराइट मिला है। छत्तीसगढ़ के महासमुंद की निवासी इस युवा आविष्कारक मृणाल ने यह ब्रश महासमुंद के एक छोटे से गांव से 'खट्टी' के पेड़ों में से एकत्र किए गए कोसे के रेशे से तैयार किया है।

मृणाल को उनकी इस उपलब्धि पर विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. विजयवीर सिंह, फॉरेंसिक एचओडी प्रो. उमैमा अहमद, सभी संकायों के डीन, प्रोफेसर, स्टाफ और स्टूडेंट्स ने बधाई दी है।

मीडियाकर्मी उत्तरा विदानी की बेटी मृणाल वीजीयू में फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई कर रही हैं। कुलपति प्रो. विजयवीर सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

मृणाल ने अपनी उपलब्धि पर अपने माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वीजीयू परिवार खासकर फोरेंसिक साइंस के शिक्षकों से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मृणाल ने कहा कि शिक्षकों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था।



### ऐसे चला इनोवेशन का काम

मृणाल ने महासमंद के आसपास के छोटे गांवों में पाए जाने वाले 'खट्टी' के पेड़ों से एकत्र किए गए कोसे को तीन दिनों तक पानी में डुबाकर रखा। अपने हाथों से उसमें से रेशा निकाल उसे धागे का रूप दिया। कॉलेज के गार्डन से पतली और खूबसूरत लकड़ियां लेकर हाथों से ही कोसे के बारीक रेशे वाले ब्रश का निर्माण कर लिया। इसके बाद वीजीयू के प्रोफेसर्स के सहयोग से भारत सरकार को भेजा और दो महीने बाद भारत सरकार ने इसका कॉपी राइट मृणाल को दे दिया।

### वीजीयू को दो साल में मिले 2 कॉपीराइट

कुलपति ने बताया कि वीजीयू को पिछले दो साल में 2 कॉपीराइट मिल चुके हैं। वीजीयू स्टूडेंट्स व शिक्षकों ने दो साल में 400 से अधिक शोध पत्र तैयार किए हैं और 215 पेटेंट मिले हैं। वीजीयू में युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। देश के प्रमुख उद्यमियों को बुलाकर स्टूडेंट्स को उनके अनुभवों से रूबरू कराया जाता है। साथ में वीजीयू से संबंधित इकाइयों के द्वारा नए उद्यमियों को फंडिंग भी की जाती है। पिछले कुछ सालों में सीड फंडिंग के लिए करोड़ों रुपए का राज्य सरकार और केंद्र सरकार से सहयोग प्राप्त हुआ है। सत्र 2023-24 में वीजीयू की ओर से युवा उद्यमियों को स्टार्टअप के लिए 10 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।



### JECRC यूनिवर्सिटी की ओरिएंटेशन सेरेमनी आज

# जया किशोरी दिखाएंगी सक्सेस की राह

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के नए सत्र का शुभारंभ मंगलवार को ओरिएंटेशन सेरेमनी के साथ होगा। राज्य की सबसे बड़ी इस ओरिएंटेशन सेरेमनी में 5000 से अधिक स्टूडेंट्स और उनके अभिभावक शामिल होंगे। प्रख्यात आध्यात्मिक वक्ता जया किशोरी स्टूडेंट्स को उनकी एजुकेशनल लाइफ को सफल बनाने के टिप्स देंगी। जया किशोरी स्टूडेंट्स के साथ आध्यात्म और सकारात्मकता के साथ अपने जीवन में सफल होने के विषय पर चर्चा करेंगी। कार्यक्रम में दूसरे वक्ता के तौर पर लेफ्टिनेंट जनरल सतीश दुआ स्टूडेंट्स के साथ अपना सफर साझा कर उन्हें मोटिवेट करेंगे। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के डॉयरेक्टर स्टूडेंट अफेयर्स धीमंत अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों के नए सफर को सेलिब्रेट करने के लिए और उन्हें पूरे सत्र में ऊर्जावान रखने के लिए इस ओरिएंटेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया है।



कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के सभी कोर्सेज में कॅरियर की संभावनाओं पर भी बात होगी।

### इंडस्ट्री एक्सपर्ट करेंगे मोटिवेट

सेरेमनी के दौरान इंजीनियरिंग, पत्रकारिता एवं जनसंचार, लॉ, मनोविज्ञान आदि कोर्सेज से जुड़ी जानकारियां दी जाएंगी। नवेली प्रोजेक्ट की फाउंडर नव्या नवेली नंदा, कार देखो के सीईओ अमित जैन, जेनरिक आधार के फाउंडर अर्जुन देशपांडे जैसे एक्सपर्ट्स स्टूडेंट्स से अपने अनुभव साझा करेंगे।



### जेकेएलयू में शुरू हुआ 'आरम्भ-2023'

# फ्रेशर्स ने पहले दिन जाना यूनिवर्सिटी कल्चर

**बेधड़क** | जयपुर

अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में बैच-2023 की शुरुआत के अवसर पर आयोजित बारह दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आरम्भ-2023' के पहले दिन नए स्टूडेंट्स ने कॉलेज कल्चर की जानकारी ली। पहले दिन यूनिवर्सिटी वीसी प्रो. धीरज सांघी और प्रो वीसी आशीष गुप्ता समेत विभिन्न डायरेक्टर्स ने अलग-अलग सत्रों में स्टूडेंट्स से इंटरेक्ट किया और यूनिवर्सिटी एवं शिक्षा से संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा की।

इस दौरान सांघी ने कहा कि आगामी चार से पांच साल स्टूडेंट्स के जीवन में मील के पत्थर साबित होंगे एवं जीवन की दिशा तय करेंगे। ऐसे में स्वयं को एकाग्र एवं अनुशासित रख संयम के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम के इनोगरेशन के बाद प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर दीपक सोगानी ने बारह दिन तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी मंच से साझा की। एक्साइटमेंट और नॉलेज से भरे हुए पूरे प्रोग्राम को जानकर स्टूडेंट्स खासे उत्साहित नजर आए। इसके बाद मनीष फ्रीमैन ने आइस ब्रेकिंग सेशन में स्टूडेंट्स से इंटरेक्ट किया। सुबह फिजीकल एक्टिविटी के बाद से शुरू हुए विभिन्न कार्यक्रमों में फ्रेशर्स ने जमकर एंजॉय किया।

वॉलियंटर्स ने न्यूकमर्स को गाइड करते हुए उन्हें स्टूडेंट कौंसिल, स्टूडेंट क्लब के साथ ही यूनिवर्सिटी में होने वाले सालाना कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान मनीष रीवन ने स्टूडेंट्स से विभिन्न सत्रों में स्टूडेंट्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संबोधित किया।

### इंटरेक्शन में दिखा उत्साह

फ्रेशर्स यूनिवर्सिटी में अपने पहले दिन के अनुभव को लेकर खासे रोमांचित नजर आए। शाम को विभिन्न गेम्स के आयोजन के बाद इंटरेक्शन सेशन हुए। कार्यक्रम के दौरान नए स्टूडेंट्स ने आपस में इंटरेक्शन कर एक दूसरे के बारे में जाना।



**इनीशिएटिव** | **सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स के लिए शिक्षा विभाग की पहल**

# कॅरियर का कन्फ्यूजन... फोन मिलाओ समाधान पाओ

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स अपनी कॅरियर संबंधी समस्याओं का समाधान अब अपने फोन से एक नंबर डायल कर पा सकेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्कूल स्टूडेंट्स को उचित कॅरियर काउंसलिंग मुहैया कराने के लिए राज्य स्तरीय हेल्प डेस्क शुरू की गई है।



उदयपुर स्थित राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (आरएससीईआरटी) कार्यालय से चलाई जा रही इस हेल्प डेस्क से फोन के जरिए स्टूडेंट्स अपने कॅरियर को लेकर सलाह ले सकेंगे। हेल्प डेस्क नंबर 973319746 हैं और इस पर कॅरियर काउंसलिंग विशेषज्ञ रणवीर सिंह राणावत स्टूडेंट्स को मार्गदर्शन देंगे।

स्कूल शिक्षा शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि हाल ही शिक्षा विभाग के इनीशिएटिव 'डायल फ्यूचर' (भविष्य की राह) कार्यक्रम से 87 हजार से अधिक विद्यार्थियों को सीधे तौर पर लाभान्वित किया गया है। 28 जून से 15 जुलाई तक चले इस अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संचालित कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में जहां एक ओर 'पथ प्रदर्शक' के रूप में टीचर्स ने मौके पर छात्र-छात्राओं को 'भविष्य की राह' बताई, वहीं सम्भाग स्तरीय हेल्प डेस्क के माध्यम से भी विद्यार्थियों को फोन पर गाइडेंस दिया गया।

जैन ने बताया कि इस प्रोग्राम की सफलता के आधार पर अब पूरे सत्र में विद्यार्थियों की हेल्प डेस्क के जरिए सतत कॅरियर काउंसलिंग का निर्णय लिया गया है।

### 'पथ प्रदर्शन' में उदयपुर रहा प्रदेश में अव्वल

डायल फ्यूचर कार्यक्रम में 28 जून से 15 जुलाई की अवधि में प्रदेश भर में 87 हजार 57 स्टूडेंट्स की कॅरिअर काउंसलिंग की गई। उदयपुर डिवीजन में सर्वाधिक 24436 स्टूडेंट्स ने इसका लाभ लिया। इसके अलावा शिक्षा विभाग के चुरू डिवीजन में 13992, जोधपुर डिवीजन में 13163, अजमेर डिवीजन में 9382, कोटा डिवीजन में 9307, पाली डिवीजन में 6574, बीकानेर डिवीजन में 5017, भरतपुर डिवीजन में 2296 और जयपुर डिवीजन में 2228 स्टूडेंट्स को गाइडेंस दी गई। इस अभियान में संभागवार हेल्प डेस्क बनाकर विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 5-5 मोबाइल नंबरों की सीरीज जारी की गई थी। इन हेल्प डेस्क पर 1400 स्टूडेंट्स को मार्गदर्शन दिया गया।

## नीति आयोग की रिपोर्ट: गरीबी मिटाने वाले राज्यों में राजस्थान अग्रणी

# इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं



गोविन्द चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

अभी कुछ दिन पहले आई नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि राजस्थान सहित मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा, देश के उन पांच राज्यों में शामिल हैं, जहां इन वर्षों में गरीबी दूर करने की दिशा में सबसे बढ़िया काम हुआ है। यह पांचों ही राज्य गरीबी और विकास को लेकर हमेशा से अभिशप्त रहे हैं। जब यह समाचार आया तब मैं ऐसे समहू में बैठा था जिसमें महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, पंजाब और केरल जैसे अपेक्षाकृत विकसित राज्यों के साथी थे। उन्हें इस बात पर आश्चर्य हो रहा था कि, भूख से मौतों से लेकर शिक्षा स्वास्थ्य और विकास के तमाम अन्य पैमानों पर अपने पिछड़पने के लिए हमेशा से चर्चित रहे राजस्थान, ओडिशा और बिहार इस सूची में कैसे शामिल हैं? राजस्थान का होने के नाते जब उन्होंने मुझसे मेरी राय पूछी तो मैंने जवाब दिया कि मुझे इसमें कोई आश्चर्य नहीं है! वे थोड़ा और चकित हुए!

उनका कहना था कि बहुत ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब राजस्थान के बारां, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और ओडिशा के कालाहांडी जैसे इलाकों से आने वाली भूख से मौत और भूख मिटाने के लिए महिलाओं की बिक्री तक की खबरें दुनिया भर में भारत की बदनामी का कारण बनती थीं, तब अचानक ऐसा क्या हुआ कि ये राज्य गरीबों की संख्या को तेज रफ्तार से कम करने वाले राज्यों की श्रेणी में शामिल हो गए? मैंने कहा- अन्य राज्यों ने क्या किया, यह मैं यहां दावे से नहीं बता सकता, लेकिन राजस्थान ने क्या किया, इसकी कहानी मैं आपको सुना सकता हूं। यह कहानी उसी बारां, बांसवाड़ा और डूंगरपुर के संदर्भ से शुरू होती है जिसका आपने जिक्र किया। पच्चीस साल पहले तक हर दूसरे वर्ष पड़ने वाला अकाल राजस्थान की वास्तविकता थी। यहां सरकार किसी भी पार्टी की रही हो और कोई भी मुख्यमंत्री रहा हो, सबकी पहली प्राथमिकता अकाल पीड़ितों को मौत के मुंह में जाने से बचाने की होती थी। ऐसे में तात्कालिक रोजगार के ऐसे काम कराए जाते थे, जिनका दीर्घकालिक कोई महत्व नहीं होता था। इनमें भ्रष्ट्राचार की शिकायतें भी खूब होती थीं। तब राज्य के पास अपने कोई संसाधन विकसित नहीं थे और परिवार से लेकर सरकार तक, सब जगह कर्ज लेने को सबसे बुरा माना जाता था। जरा-जरा से कर्ज पर विपक्ष विधानसभा में सरकारों की बखिया उधेड़ देता था।

वर्ष 1990 तक राजस्थान पर 6000 करोड़ का कर्ज था। यह 1998 में 24 हजार करोड़, 2003 में 48 हजार करोड़ और 2008 में 96 हजार करोड़ से होता हुआ आज करीब पांच लाख करोड़ तक पहुंच गया है। अब तो कर्ज के अलावा राज्य के अन्य संसाधन भी बढ़े हैं, लेकिन जब उसके पास कुछ नहीं था उस दौर में हमने अपने-अपने क्षेत्रों में, बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, कॉलेज और अस्पताल की सुविधा के लिए विधायकों को मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों ही नहीं, छोटे-छोटे अधिकारियों के सामने गिड़गिड़ाते खूब देखा है। खैर बात गरीबी मिटाने की हो रही थी... राजस्थान में अगर गरीबी तेजी से मिट रही है तो उसका श्रेय उन योजनाओं को जाता है जो एक सोच, संकल्प, संसाधन और निरंतरता की भावना के साथ अपने पहले मुख्यमंत्रित्वकाल में अशोक गहलोत ने शुरू कीं... यह वे ही कारक हैं जिनकी बात नीति आयोग ने इस रिपोर्ट में की है... जैसे गरीबी के लिए कम आय ही नहीं भोजन, घर-मकान, बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रहन-सहन का स्तर भी कारक हैं।

कोई भी राज्य, कोई भी पार्टी और कोई भी राजनेता नागरिकों की आय को एक दिन में नहीं बढ़ा सकता, लेकिन वह राज के माध्यम से ऐसा सपोर्ट सिस्टम खड़ा कर सकता है, जिससे वह गरीब आदमी समाज में सिर ऊंचा करके सम्मान से खड़ा हो सके... अगर राज उसके लिए नियमित आय के साथ रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी जरूरतों का आसान और फ्री या सस्ता प्रबंध कर दे तो वह भी उसकी गरीबी को मिटाने और उसके जीवन स्तर को सुधारने में मददगार साबित होता है... गहलोत ने तब यही किया.. एक निश्चित आय के साथ उन्हें वे सब सुविधाएं देने की कोशिश की, जिनकी उन्हें रोज जरूरत होती है... सबसे पहले अकाल पीड़ित को भूखा मरने से बचाने के लिए हर गांव में एक बोरी अनाज रखवा दिया और जरूरतमंद को यह समय पर मिल जाए, इसकी जिम्मेदारी तय कर दी... माता और बच्चों के लिए व्यवस्थित तरीके से पोषाहार वितरण शुरू कर दिया। बिजली सस्ती कर दी... गरीब आदमी को शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं फ्री कर दीं.. उनके लिए सस्ते आवास बनाकर देना शुरू कर दिया... उन्हें मिलने वाली मासिक पेंशन बढ़ा दी... अकाल राहत कार्यों के साथ ग्रामीण रोजगार योजनाएं शुरू कर दीं... कहने का मतलब नीति आयोग आज जिन बहुआयामी कारकों का जिक्र कर रहा है उन्होंने तब गरीब को उन पर बहुआयामी राहतें देना शुरू किया। लोकतंत्र में किसी भी सरकार के लिए एक बार शुरू हुई इन योजनाओं को बंद करना मुश्किल होता है... अतः कांग्रेस चुनाव हारी तब भी कम-ज्यादा फोकस के साथ ये योजनाएं जारी रहीं हैं, उनकी निरंतरता जरूर टूटी जिससे परिणाम आने में देरी होती है... वर्ष 2008 में गहलोत फिर आए तो उन्होंने इन सब योजनाओं का मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान योजना, अन्न सुरक्षा योजना, निःशुल्क जांच और दवा योजना, पशधनु निःशुल्क दवा योजना, शहरी बीपीएल आवास योजना, राजस्थान जननी सुरक्षा योजना के रूप में खूब विस्तार किया।

किसानों को भी खबू राहतें दीं.. मुफ्त इलाज जैसी योजनाओं को मध्यम वर्ग तक फैला दिया... फिर जब 2018 में वे तीसरी बार मुख्यमंत्री बने तब भी उन्होंने विकास के साथ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को अपनी टॉप प्रॉयोरिटी रखा... अमीर-गरीब सबके इलाज के लिए बनी चिरंजीवी योजना तो देश में अपनी तरह की अकेली है जिसमें 25 लाख के स्वास्थ्य बीमा के साथ 10 लाख का दुर्घटना बीमा अलग से है.. इसमें गरीबों का प्रीमियम भी सरकार ही भरती है जबकि अन्य सभी को साल भर के लिए महज 850 रु. देने पड़ते हैं... इसी तरह हर व्यक्ति को हर माह पांच किग्रा मुफ्त गेंहू, 8 रू. में एक वक्त का भरपेट भोजन कराने वाली इंदिरा रसोई योजना, मनरेगा और शहरी रोजगार गारंटी योजना, एक करोड़ वृद्ध, विकलांग और परित्यक्ता महिलाओं को हर माह 1000 रु. पेंशन, अनाथों को पालनहार योजना, तय यूनिट तक किसान और घरेलू उपभोक्ताओं को फ्री बिजली-पानी, अंग्रेजी माध्यम में फ्री शिक्षा वाले महात्मा गांधी स्कूल और महिलाओं को सरकारी बसों के किराये में 50 प्रतिशत की छूट भी ऐसे ही फैसले हैं। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान राजस्थान सरकार ने जो किया वह तो देश भर में सराहा और फॉलो किया गया है... गरीब-अमीर सबके मुफ्त इलाज से लेकर मृतकों के अंतिम संस्कार और उनकी अस्थियों के विसर्जन तक का जिम्मा राज्य ने लिया... अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के तहत बाद में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और उनके बच्चों की बालिग होने तक सम्पूर्ण देखभाल सम्बन्धी दायित्व भी राज्य सरकार ने लिए... (अभी दो दिन पहले राज्य सरकार ने महात्मा गांधी न्यूनतम आय गारंटी विधेयक विधानसभा से पास किया है... इससे पहले वह राज्य के समस्त नागरिकों को स्वास्थ्य का अधिकार दे चुकी है... यह दोनों कानून बनाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है)।

यह निर्णय तो कुछ बानगी जैसे हैं, सरकार के सामाजिक सुरक्षा संबंधी फैसलों की फेहरिस्त बहुत लम्बी है। लम्बी लिस्ट वाली इन योजनाओं ने राज्य के गरीब ही नहीं एक सीमा तक मध्यम वर्ग की भी, भोजन, इलाज, पढ़ाई, बिजली-पानी और सस्ती कुकिंग गैस की चिताओं को कम किया है.. फिर जो सुविधाएं या पेंशन उन्हें मिल रही हैं या इनके एवज में उनकी जेब में जो पैसा बच रहा है, खर्च तो वह भी बाजार में ही हो रहा है... इससे फायदा तो अततः राज्य को ही हो रहा है.. अर्थव्यवस्था भी मजबतू हो रही है... अन्य राज्यों के दोस्तों को ये सारे निर्णय और कहानी दिवा स्वप्न जैसी लगी... क्या वाकई ऐसा हो सकता है? मैंने कहा, आप घूमकर देखिए, यह पूरे राजस्थान में हो रहा है... इसीलिए मैं कह रहा हूं कि गरीबी दूर करने वाले राज्यों में राजस्थान का देश के अग्रणी राज्यों में होना मेरे लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**




> *सरकार के सामाजिक सुरक्षा संबंधी फैसलों की फेहरिस्त बहुत लम्बी है। लम्बी लिस्ट वाली इन योजनाओं ने राज्य के गरीब ही नहीं, एक सीमा तक मध्यम वर्ग की भी, भोजन, इलाज, पढ़ाई, बिजली-पानी और सस्ती कुकिंग गैस की चिताओं को कम किया है, फिर जो सुविधाएं या पेंशन उन्हें मिल रही हैं या इनके एवज में उनकी जेब में जो पैसा बच रहा है, खर्च तो वह भी बाजार में ही हो रहा है। इससे फायदा तो अततः राज्य को ही हो रहा है, अर्थव्यवस्था भी मजबतू हो रही है।*

> *गरीबी के लिए कम आय ही नहीं भोजन, घर-मकान, बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रहन-सहन का स्तर भी कारक हैं। कोई भी राज्य, कोई भी पार्टी और कोई भी राजनेता नागरिकों की आय को एक दिन में नहीं बढ़ा सकता, लेकिन वह राज के माध्यम से ऐसा सपोर्ट सिस्टम खड़ा कर सकता है, जिससे वह गरीब आदमी समाज में सिर ऊंचा करके सम्मान से खड़ा हो सके... अगर राज उसके लिए नियमित आय के साथ रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी जरूरतों का आसान और फ्री या सस्ता प्रबंध कर दे तो वह भी उसकी गरीबी को मिटाने और उसके जीवन स्तर को सुधारने में मददगार साबित होता है, गहलोत ने तब यही किया.. एक निश्चित आय के साथ उन्हें वे सब सुविधाएं देने की कोशिश की, जिनकी उन्हें रोज जरूरत होती है।*

**व्यंग्य**

# भाभी आई, खुशियां लाई



मुकेश राठौर
व्यंग्यकार

घर में नई भाभी का आना हमेशा ही खुशी आने जैसा रहा है। खासकर देवरों के लिए जो भाभी में एक दोस्त को देखते हैं। अब प्रश्न उठता है कि पच्चीस और सत्ताइस वर्षीय कुंवारे अनुजों के बत्तीस वर्षीय कुंवारे अग्रज के लिए भाभी लाएं तो लाएं कैसे? वह भी तब जब भाई विशुद्ध 'हाउस बॉय' हो। न सट्टे-पत्ते खेलता हो और ना कोई मोबाइल गेम! सोते शेर की मांद में हिरण कैसे पहुंचे! यूं तो भाभियों से कैरेट भरे पड़े हैं, फिर भी भाभियां टमाटर हो गई हैं। सिरीप पैकेज वालों को ही मिल रही हैं, बाकी बेचारे तो टमाटर खरीदने निकलते हैं और कद्दू या बैंगन लेकर चले आते हैं।

बीते दिनों हरियाणा सरकार ने कुंवारों को पेंशन देने की घोषणा की तो लगा कुंवारों के अच्छे दिन आ गए, लेकिन पेंशन इस टेंशन का हल नहीं! गर लोग पेंशन लेकर इसी तरह कुंआरे रहने लगें तो देश का क्या होगा? देश को चलाने के लिए दीगर संसाधनों की तरह मानव संसाधन भी तो चाहिए। कभी बहनें गाती थी "ओ परी कहां से लाऊं तेरी दुल्हन जिसे बनाऊं" आज भाई खुद गाने लगे हैं, "एक गरम चाय की प्याली हो... चाहे गोरी हो या काली हो" माने समझौते में समझदारी।

...तो हुआ यूं कि हीरा जी भाई ने अपने बत्तीस वर्षीय पुत्र भरत के हाथ चार करने का मन बनाया। इसके लिए परिचय सम्मेलनों में शिरकत की, बायोडाटा छपवाया यहां तक कि गांव-गांव जाकर फेरीवाले की तरह "लड़की दे दो लड़की" की हांक भी लगाई, लेकिन निराशा हाथ लगी, तो दूसरे विकल्पों पर विचार करने लगे। "जब संकल्प की सिद्धि में संदेह होने लगे, तो विकल्प तलाशना जरूरी हो जाता है।" कैसे भी बेटे का ब्याह करना ही था।

अतिवय बेटा-बेटी ज्यादा दिन घर में रहे तो लोग शक करने लगते हैं। सो इस सामाजिक शंका के निवारण के लिए हीराजी भाई ने एक एजेंट से संपर्क साधा। जबसे विवाह एक व्यापार हुआ इसमें भी एजेंटों की उपस्थिति दर्ज हुई है। देखा जाए तो विवाह कई धंधों की मातृ संस्था है, फिर क्यों न इसमें एजेंट प्रवेश करें! बहरहाल, एजेंट दुल्हनों की डीटीएच सर्विस देता था। ऑर्डर बुक कराओ और घर बैठे दुल्हन पाओ। हीराजी भाई ने भी वैसा ही किया। कुछ दे दुआकर मामला जमाया। बिन बैंड, बाजा, बरात दुल्हन घर आ गई और क्या चाहिए! गोया बिन बहुमत के सरकार बन गई। नई बहू ने आते ही घर संभाल लिया। देवरों की खुशी का ठिकाना न रहा। वे "साची कहे तोरे आवन से हमरे अंगना में आई बहार भौजी" गा उठे। साल बीता तो "दे दे भतीजा फुलवा सरीखा, मानेंगे हम उपकार भौजी" गाने लगे। यही होता है परिजनों को अपनों के चार हाथ होते ही छह हाथ होने की चिंता सताने लगती है, जो आठ हाथों पर जाकर खत्म होती है। अमीर हाथों की लंबाई, तो गरीब संख्या बढ़ाने को लेकर परेशान है।

भाभी समझदार थी। पहले रक्षाबंधन पर मायके गई तो एक पांच वर्षीय बेटे को साथ ले आई। पूछा तो बताया पहले घर का है। कृपया नाराज न होना, इसे मेरे पास ही रहने देना। सबने विचारा, बड़ी मुश्किल से तो बहू मिली है। 'भरी गाड़ी में सूपड़े का क्या वजन!' ये बात और है कि 'थके भट्ट को जनेऊ का भी वजन' लगता है। बहरहाल, दो साल बाद भी भरत को अपने वाली खुशी नहीं मिल पाई तो वह देव धानी करने लगा। दूसरे रक्षाबंधन पर भाभी दूसरे तीन वर्षीय बेटे को ले आई। ...तीसरी बार भाभी सज-धजकर रक्षाबंधन मनाने चली तो परिवार की धड़कनें बढ़ गईं। धड़कनों को बढ़ना ही था। डर था कि अबकी बार भाभी अपने पहले पति को साथ लाकर 'हम दो, हमारे दो' का कोटा न पूर्ण कर ले। सबकी शंका निराधार निकली। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। एक्चुअली अबकी बार भाभी गई तो आई ही नहीं। भाभी तो गई साथ में सोलह हाथ का 'लुगड़ा' भी ले गई।



**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
आदरणीय कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा राजस्थान महिला कांग्रेस की नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती राखी गौतम को हार्दिक बधाई।



**दीया कुमारी**, बीजेपी सांसद, राजस्थान
@KumariDiya
कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी के लिए इस प्रकार के अमर्यादित और अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करना अत्यंत निंदनीय है एवं यह उनके मानसिक दिवालियापन को भी दिखाता है।



**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
मानव बुद्धि ज्ञात ब्रह्मांड में सबसे बड़ी क्षमता रखती है, बशर्ते हम इसका सचेत रूप से उपयोग करें।



**अरुण गोविल**, अभिनेता
@arungovil12
दूसरों की खुशी देखकर आनंदित होना भी स्वस्थ मन की पहचान है।



**गौर गोपाल दास**, आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
कृतज्ञता एक अच्छी स्मृति के बारे में है, जहां हम अपने साथ किए गए सभी अच्छे कामों को याद करते हैं और, केवल शब्दों या भावनाओं से परे, अच्छा करके भी प्रतिसाद देते हैं।


## नॉलेज कॉर्नर: मिस्र में ममियों पर किया जाता था इसका लेप

# अनेक जादुई गुणों से भरपूर 'अजवाइन'

पाक विद्या में कई मसालों का इस्तेमाल किया जाता है, जिनमें जीरा, सौंफ, काली मिर्च और अजवाइन शामिल हैं। यूं तो आकार में अजवाइन बारीक होती है, लेकिन इसके जादुई गुण हैरान कर देने वाले हैं। इसका उपयोग महज खाने में ही नहीं बल्कि कई रूपों में किया जाता है। आयुर्वेद में भी इसके इस्तेमाल को बेहद उपयोगी बताया गया है। प्रत्येक देश में इसे अलग तरीके से काम में लिया जाता है। इसे रहस्यमयी जड़ी-बूटी माना गया है। मिस्र में ममी को सुरक्षित रखने के लिए अजवाइन का लेप किया जाता था, तो यूनान के लोग धार्मिक स्थलों में धूप के रूप में जलाते थे। विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में अजवाइन के बारे में...

### हजारों साल पुराना इतिहास

अजवाइन का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। माना जाता है कि सबसे पहले इसकी खेती भूमध्य सागरीय क्षेत्रों में हुई थी। आल्प्स के उत्तर में भी जंगली अजवाइन पाई गई थी। यह नम, पोषक तत्वों से भरपूर तथा कीचड़युक्त मिट्टी में उगती थी। शुरुआत में अजवाइन कई देशों में जड़ी-बूटी के रूप में काम में ली गई, लेकिन भारत में इसे मसाला और औषधि का दर्जा दिया गया। इसकी उत्पत्ति को लेकर कई मतभेद है। शोधकर्ताओं का कहना है कि अलग-अलग समय में इसे भिन्न-भिन्न देशों में पाया गया। किसी ने कहा कि अजवाइन स्पेन से इटली तक दक्षिणी यूरोप से निकली, तो किसी ने कहा यह ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी एशिया, उत्तरी अफ्रीका, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका में पैदा हुई। भारत में आयुर्वेदिक ग्रंथों में इसका विस्तार से वर्णन मिलता है। इसका पौधा ईरान, मिस्र, भारत में पैदा होकर दूसरे देशों में पहुंचा।



### दो वर्ष में फसल

अजवाइन का पौधा द्विवार्षिक है, यानि कि इसकी फसल दो वर्ष में एक बार की जाती है। मुख्य रूप से अजवाइन को इसके मोटे डंठल के लिए उगाया जाता है, जिसमें स्वाद के साथ-साथ अनेक गुण मौजूद होते हैं। अजवाइन अपियासी कुल का पौधा है, जिसमें अजमोद, सौंफ तथा गाजर भी शामिल हैं। बंगाली भाषा में इसे जोवन या जोन, गुजराती में यवन, कन्नड़ में ओमा, मलयालम में ओउम, उड़िया में जुआन, तमिल में ओमम, तेलुगु में वामु, मराठी में ओन्व तथा अंग्रेजी में इसे आजोवा सीड्स कहते हैं। यह हर प्रकार के अन्न को पचाने में सक्षम है। वैद्यराज की मानें तो अजवाइन का प्रयोग सीमित मात्रा में ही करना चाहिए।

### इन देशों में सर्वाधिक खेती

*मुख्य रूप से अजवाइन की खेती उत्तरी अमेरिका, मिस्त्र, ईरान, अफगानिस्तान तथा भारत में होती है। भारत में इसकी सबसे अधिक खेती दक्षिण में होती है। अजवाइन उत्पादन में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, बिहार, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पंजाब तथा राजस्थान के कुछ हिस्से अग्रणी हैं।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

### यूपी: लोकसभा चुनावों के लिए बड़ी भूमिका की तैयारी में जुटी सपा-रालोद को झटका

# दो पूर्व मंत्रियों समेत कई नेताओं ने छोड़ा साथ, भाजपा में हुए शामिल

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ विपक्ष की मोर्चाबंदी के बीच राज्य में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) को झटका लगा है।

इन दोनों ही पार्टियों के कई अहम नेता सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त हुआ है जब विपक्षी दल सत्तारूढ़ भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में हराने के लिए एकजुट हो रहे हैं और सपा उत्तर प्रदेश में अपनी बड़ी भूमिका का



दावा कर रही है। सपा इस राज्य में मुख्य विपक्षी दल है और उसका रालोद के साथ गठबंधन है। सपा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए



बूथस्तर पर तैयारियों में जुटी है। वहीं, भाजपा भी उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने की रणनीति बना रही है।

### ये नेता शामिल हुए भाजपा में

भाजपा कार्यालय में सोमवार को रालोद के नेता पूर्व मंत्री राजपाल सैनी, सपा नेता व पूर्व मंत्री साहब सिंह सैनी, पूर्व सपा सांसद अंशुल वर्मा, सपा की पूर्व विधायक सुषमा पटेल, जौनपुर से समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर तथा वर्ष 2019 में वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाली शालिनी यादव समेत कई नेता भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक की मौजूदगी में इन नेताओं ने भाजपा का दामन थामा। चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। हम सब मिलकर लक्ष्य पूरा करेंगे।

### ज्यादातर नेता ओबीसी समुदाय से

भाजपा में आज शामिल होने वाले ज्यादातर नेता अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज से आते हैं। पूर्वांचल के प्रमुख ओबीसी नेता माने जाने वाले ओमप्रकाश राजभर और सपा विधायक पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान के सपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद सोमवार को अनेक अन्य वरिष्ठ नेताओं के सत्तारूढ़ दल में शामिल होना सपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

### 2000 के नोट की तरह चले गए : अखिलेश

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक ट्वीट कर तंज किया कि कुछ लोग चले गए 2000 के नोट की तरह...। गौरतलब है कि नोटबंदी के बाद जारी हुए दो हजार रुपए के नोट को सरकार ने करीब साढ़े छह साल के बाद वापस लेने का फैसला किया है।

### महासचिव बर्मन ने पार्टी का पद छोड़ा

**अगरतला।** भाजपा की त्रिपुरा इकाई के महासचिव और नलचर सीट से विधायक किशोर बर्मन ने 'एक व्यक्ति एक पद' के सिद्धांत के तहत सोमवार को पार्टी के पद से इस्तीफा दे दिया। बर्मन ने काफी समय तक पश्चिम बंगाल में भाजपा संगठन के लिए काम किया था और जुलाई 2021 में उन्हें पार्टी की त्रिपुरा इकाई का महासचिव नियुक्त किया गया था। बर्मन ने कहा, पार्टी एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत का समर्थन करती है।

### सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन के एक मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन की अंतरिम जमानत की अवधि सोमवार को पांच सप्ताह के लिए बढ़ा दी। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। न्यायाधीश ए. एस. बोपन्ना और न्यायाधीश बेला एम. त्रिवेदी की पीठ को जैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने सूचित किया कि 21 जुलाई को उनकी रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हुई थी और उन्हें ठीक होने के लिए समय चाहिए। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने कहा कि वह अंतरिम जमानत बढ़ाने का विरोध नहीं कर रहे हैं।

### अभिषेक मामले में लुक आउट सर्कुलर पर ब्योरा मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय को यह बताने का निर्देश दिया कि क्या पश्चिम बंगाल में कथित कोयला घोटाले से जुड़े धनशोधन मामलों में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी रुजिरा बनर्जी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया है। न्यायाधीश एस के कौल और न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से इस बारे में जानकारी मांगी। न्यायालय दंपती की विदेश यात्रा की अनुमति से संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रही था। शीर्ष अदालत ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि विदेश यात्रा करना भी एक अधिकार है जब तक कि यह मानने का कारण न हो कि आरोपी भाग जाएगा।

### असम: SC ने केंद्र व निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

# परिसीमन की कवायद को रोकने से किया इनकार

एजेंसी | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग द्वारा असम में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की मौजूदा परिसीमन कवायद पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया और केंद्र तथा निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-आठ(ए) की संवैधानिक वैधता पर गौर करने के लिए सहमत हुई, जो निर्वाचन आयोग को निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का अधिकार देती है।

शीर्ष अदालत ने याचिकाओं पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से तीन सप्ताह में जवाब भी मांगा तथा कहा कि याचिकाकर्ता इसके बाद अगले दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं।



### नौ दलों ने दी परिसीमन प्रक्रिया को चुनौती

असम में नौ विपक्षी दलों- कांग्रेस, रायजोर दल, असम जातीय परिषद, माकपा, भाकपा, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और आंचलिक गण मोर्चा के दस नेताओं ने हाल में परिसीमन प्रक्रिया को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी। इस पहलू पर दो अन्य याचिकाएं भी अदालत के समक्ष लंबित हैं। याचिकाकर्ताओं ने विशेष रूप से निर्वाचन आयोग द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली और 20 जून, 2023 को अधिसूचित उसके प्रस्तावों को चुनौती दी है।

### परिसीमन अधिनियम के प्रावधान किए नजरंदाज

याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि असम में परिसीमन की कवायद नियमों और परिसीमन अधिनियम के प्रावधानों को कुछ हद तक नजरंदाज करके की जा रही है, क्योंकि इस कानून में विधायकों,-सांसदों की भी भागीदारी का प्रावधान है। यह प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले परिसीमन आयोग द्वारा की जानी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन की कवायद शीर्ष अदालत की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाले आयोग द्वारा की गई थी।

### यह कहा सॉलिसिटर जनरल मेहता ने

केंद्र और राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इसके धारक द्वारा शक्ति का प्रयोग सिर्फ इसलिए अमान्य नहीं हो जाता है कि इसका इस्तेमाल याचिकाकर्ता की दृष्टि से गलत तरीके से किया गया है।

### परिसीमन शुरू हो गया, रोक उचित नहीं

पीठ ने अपने आदेश में कहा, इस चरण में जब परिसीमन शुरू हो गया है, 20 जून, 2023 को मसौदा प्रस्ताव जारी करने के मद्देनजर प्रक्रिया पर रोक लगाना उचित नहीं होगा। इसलिए संवैधानिक चुनौती बरकरार रखते हुए हम निर्वाचन आयोग को कोई और कदम उठाने से रोकने वाला आदेश जारी नहीं कर रहे हैं। पीठ ने याचिकाएं दायर करने वाले राजनीतिक दलों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की इन दलीलों का संज्ञान लिया कि अब सभी राज्य इसका अनुसरण करेंगे और कदम उठायेंगे।

### विपक्ष के MLA व MLC का प्रदर्शन



*मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सोमवार को विपक्षी दलों के विधायकों और विधान परिषद के सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर विधान भवन में प्रदर्शन किया।*

### अंसारी की सजा पर रोक से इनकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गैंगस्टर के एक मामले में पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की सजा पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने हालांकि गाजीपुर की एमपी-एमएलए अदालत के निर्णय के खिलाफ अंसारी की अपील पर उसे जमानत प्रदान की। गाजीपुर की विशेष अदालत ने अंसारी को इस मामले में दोषी करार देते हुए चार साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

### राज्यपाल का मान को पत्र, कहा...

# जून में आहूत विधानसभा का विशेष सत्र था अवैध





एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को सोमवार को एक और पत्र लिखकर पिछले महीने आहूत दो-दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र को स्पष्ट रूप से अवैध करार दिया।

पुरोहित की ओर से मान को यह पत्र एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार लिखा गया है। पुरोहित ने यह पत्र तब लिखा, जब दो दिन पहले मान ने कहा था कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्यपाल यह नहीं जानते कि 19-20 जून को बुलाया गया सत्र वैध था या अवैध। राज्यपाल ने अपने पत्र में यह भी कहा कि उन्हें भ्रष्टाचार की शिकायतें भी मिल रही है और उन्होंने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि राज्यपाल, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त संवैधानिक प्राधिकारी होता है। मान के शनिवार को दिए बयान के संदर्भ में पुरोहित ने कहा, इस मसले पर प्रमुख संवैधानिक विशेषज्ञों में से एक से राय ली गई है। इस राय का सार आपकी जानकारी के लिए संलग्न है, जो साफ तौर पर कहता है कि इस प्रकार से बुलाया गया सत्र अवैध था। अब, आपकी टिप्पणियों पर जवाब देने के लिए कुछ बचा नहीं है।

### ऐसी शुरू हुई तकरार

मुख्यमंत्री मान को 17 जुलाई को लिखे एक पत्र में पुरोहित ने कहा था कि विधानसभा का सत्र बुलाना संभवतः कानून और कार्य प्रणाली का उल्लंघन है। साथ ही, उन्होंने संकेत दिया था कि वह सदन की बैठक के दौरान पारित विधेयकों पर शीघ्र हस्ताक्षर नहीं कर सकते हैं। पुरोहित ने विधेयकों की वैधता पर भी सवाल उठाया था और कहा था कि वह इन पर अटॉर्नी जनरल की सलाह लेने, या उन्हें राष्ट्रपति के पास भेजने पर विचार कर रहे हैं।

### चाचा-भतीजा में रार जारी

# पारस पर राजग की छवि खराब करने का आरोप

एजेंसी | पटना

लोक जनशक्ति पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को अपने चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस पर भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन में उनके प्रवेश पर सवाल उठाकर राजग की छवि खराब करने का आरोप लगाया। यहां पत्रकारों से बातचीत में चिराग ने अपने चाचा को हाल ही में दिल्ली में राजग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए स्वागत की याद दिलाई।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा सबके सामने मुझे गले लगाए जाने के कुछ ही दिनों बाद उन्हें इस तरह के बयान देते हुए सुनना हैरान करने वाला है। इस तरह के



बयान गठबंधन को बदनाम करते हैं। चिराग ने कहा, जब मैं अपने पिता की मृत्यु के बाद कठिन दौर से गुजर रहा था तो प्रधानमंत्री मेरे साथ खडे रहे थे। यही कारण है कि जब मैं औपचारिक रूप से राजग का हिस्सा नहीं था तब भी मैंने कभी उनके खिलाफ नहीं बोला।

### कर्नाटक में सियासी घमासान

# भाजपा और जद (एस) गिराना चाहते हैं सरकार- शिवकुमार

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हाल में हुई विपक्षी दलों की बैठक के बाद भारतीय जनता पार्टी और जनता दल सेक्यूलर की की नजदीकी बढ़ने व लोकसभा चुनाव में संभावित गठबंधन की अटकलों के बीच राज्य की सियासत तेज हो गई है।

अब कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने विपक्षी दलों पर राज्य की कांग्रेस सरकार को गिराने की योजना बनाने का आरोप लगाया है। शिवकुमार ने सोमवार कहा कि भाजपा और जनता दल (एस) नेता समझौता करने की



कोशिश कर रहे हैं( उनकी बेंगलुरु या नई दिल्ली में बैठक नहीं हो सकी, अब उन्होंने सिंगापुर के लिए टिकट बुक कर लिया है। उन्होंने कहा कि हमारे दुश्मन दोस्त बन गए हैं। मेरे पास ऐसे लोगों के बारे में जानकारी है जो कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की योजना बनाने के लिए सिंगापुर चले गए हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के खिलाफ सिंगापुर में एक रणनीति बनाई जा रही है। डीके शिवकुमार ने ये टिप्पणी तब की जब उनसे पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी की हालिया सिंगापुर यात्रा के बारे में पूछा गया। डीके शिवकुमार ने कहा कि मुझे उनकी सिंगापुर यात्रा के बारे में जानकारी है। यहां बेंगलुरु में एक गेम प्लान पूरा करने के बजाय, वे एक रणनीति पर काम करने के लिए सिंगापुर गए हैं।

### महाराष्ट्र: फिर गरमाई सियासी अटकलें

# अजित पवार को 10 अगस्त के आसपास बनाया जाएगा सीएम : चव्हाण

एजेंसी | मुंबई

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने सोमवार को दावा किया कि 10 अगस्त के आसपास महाराष्ट्र के मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को हटाकर उनकी जगह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार को लाया जाएगा।

उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री शिंदे और शिवसेना के 15 अन्य विधायकों को अयोग्य ठहराने का फैसला 10 अगस्त के आसपास किया जाएगा। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से कहा, शिंदे और अन्य विधायकों को अयोग्य ठहराने का फैसला लेने के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार को 10 अगस्त के



करीब नया मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। भाजपा शिंदे के नेतृत्व में अगला लोकसभा चुनाव लड़ने को इच्छुक नहीं है क्योंकि उनका उनके गृह जिले ठाणे के बाहर प्रभाव नहीं है। भाजपा के पास अब अजित पवार के रूप में विकल्प है। उललेखनीय है कि अजित पवार और राकांपा के आठ



विधायक दो जुलाई को भाजपा-शिवसेना नीत सरकार में शामिल हुए थे। अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी जबकि बाकी विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। बाद में, राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के भतीजे अजित पवार को वित्त विभाग का प्रभार दिया गया।

### पीएम मोदी का काम इस्तेमाल करो और फेंक दो

चव्हाण ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम करने का तरीका इस्तेमाल करो और फेंक दो का है। उन्होंने कहा,शिंदे का यह भाग्य है। भाजपा नेतृत्व की समझ संकेत दे रही है कि वे अजित पवार को मुख्यमंत्री और चुनाव का चेहरा बनाना चाहते हैं।

### रोहित के धरने पर अजित ने जताई अप्रसन्नता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने भतीजे एवं विधायक रोहित पवार के विधान भवन परिसर में धरने पर सोमवार को नाखुशी जाहिर की। रोहित पवार अहमदनगर जिले में स्थित अपने निर्वाचन क्षेत्र कर्जत जामखेड में औद्योगिक विकास निगम की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। राकांपा विधायक एवं शरद पवार के प्रति निष्ठा रखने वाले अनिल देशमुख ने रोहित पवार के धरने का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि रोहित पवार अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक क्षेत्र की पहचान औद्योगिक विकास के लिए करने की मांग कर रहे हैं। जवाब में अजित पवार ने कहा कि रोहित पवार ने यह मांग उठाते हुए एक पत्र लिखा था जो राज्य सरकार के पास है। सरकार ने एक जुलाई को पत्र का जवाब देते हुए कहा था कि सभी हितधारकों की एक बैठक बुलाई जाएगी और उचित निर्णय किया जाएगा। रोहित पवार को अपना धरना वापस ले लेना चाहिए।




### पवार नहीं बनेंगे सीएम, वो इसे जानते हैं : देवेन्द्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण के इस दावे को सोमवार को खारिज किया कि अगस्त में एकनाथ शिंदे की जगह अजित पवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि अजित पवार इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि वह मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे और दो जुलाई से पहले हुई बैठकों के दौरान उन्हें यह बात बता दी गई थी, तब अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट को महाराष्ट्र सरकार में शामिल किया गया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे और इस बाबत कोई बदलाव नहीं होगा। फडणवीस ने यह भी दावा किया कि सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले के बारे में अजित पवार को स्पष्ट तौर पर बता दिया गया था और वह इस पर सहमत हुए थे। उन्होंने कहा, वह न केवल इस पर सहमत हुए बल्कि अपने भाषण में यह भी स्पष्ट कर दिया कि महाराष्ट्र में नेतृत्व बदलने पर कोई चर्चा नहीं हुई है। फडणवीस ने चव्हाण पर अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "उन्हें 'महायुति' के बारे में लोगों को भ्रमित करना बंद करना चाहिए। नेता तो भ्रमित नहीं होते लेकिन पार्टी कार्यकर्ता जरूर भ्रमित हो जाते हैं।

## जरूरी खबर

### मेघालय: भीड़ का सीएम के कार्यालय पर हमला

**शिलांग।** पश्चिमी मेघालय के तुरा शहर में सोमवार को उत्तेजित भीड़ ने मुख्यमंत्री सचिवालय पर हमला कर दिया जिसमें कम से कम पांच पुलिस कर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री सी. के. संगमा कार्यालय में मौजूद थे और 'अचिक कॉन्शियस होलिस्टकली इंटीग्रेटेड करिमा' और 'गारो हिल्स स्टेट मूवमेंट कमेटी' के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे जिन्होंने तुरा को शीतकालीन राजधानी घोषित करने की मांग की है। उसी दौरान कार्यालय के बाहर भीड़ जमा हो गई।

### सिंगापुर के सात उपग्रहों का 30 को होगा प्रक्षेपण



**बेंगलुरु।** भारत 30 जुलाई को सिंगापुर के एक उपग्रह को प्रक्षेपित करेगा जिसमें इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज द्वारा विकसित सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) पेलोड है, जो सभी मौसम स्थितियों में तस्वीरें लेने में सक्षम है। भारतीय रॉकेट पीएसएलवी-सी56 रविवार सुबह 6.30 बजे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा स्पेसपोर्ट के पहले लॉन्च-पैड से छह अन्य उपग्रहों के साथ सिंगापुर के डीएस-एसएआर उपग्रह को कक्षा में स्थापित करेगा। डीएस-एसएआर उपग्रह को सिंगापुर की रक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एजेंसी और सिंगापुर के ही सिंगापुर टेक्नोलॉजीस इंजीनियरिंग लिमिटेड के बीच साझेदारी के तहत विकसित किया गया है।

### भूस्खलन से सड़क बही, बदरीनाथ यात्रा प्रभावित



**देहरादून/गोपश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में गौचर के पास कमेड़ा में रातभर भारी बारिश के बाद सोमवार को हुए जबरदस्त भूस्खलन से ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग का लगभग 100 मीटर हिस्सा बह गया जिससे हिमालयी धाम की तीर्थयात्रा प्रभावित हुई। बदरीनाथ धाम को जाने वाले तीर्थयात्रियों और वाहनों के लिए दो से तीन दिन तक बाधित रहेगा। संबंधित विभाग एवं एजेंसियां युद्धस्तर पर काम कर रही हैं। रूद्रप्रयाग की पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने पहुंचकर मलबा साफ करने में लगी एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत की।

## जरूरी सामान लेकर मणिपुर पहुंची पहली मालगाड़ी




*इंफाल। मणिपुर के तामेनलोंग जिले के खोंगसांग रेलवे स्टेशन पर सोमवार को गुवाहाटी से पहली मालगाड़ी पहुंची। मणिपुर में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति के कारण आवश्यक वस्तुओं की कमी को देखते हुए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने राज्य के परिवहन विभाग के सहयोग से राज्य के लिए आवश्यक वस्तुओं से भरी पहली मालगाड़ी भेजी। खोंगसांग स्टेशन की 2022 में जिरीबाम-इम्फाल नई लाइन परियोजना के तहत शुरुआत की गई थी। राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद 3 मई को रेल सेवा स्थगित कर दी गई थी।*

## मणिपुर पर संसद में गतिरोध: पीएम के वक्तव्य पर अड़ा विपक्ष

# आप के संजय सिंह राज्यसभा से शेष सत्र के लिए निलंबित

एजेंसी । नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में लगातार तीसरे दिन सोमवार को मणिपुर हिंसा मुद्दे पर गतिरोध बरकरार रहा तथा विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य और चर्चा की मांग करते हुए भारी हंगामा किया, वहीं राज्यसभा में अशोभनीय आचरण के लिए आप सदस्य संजय सिंह को वर्तमान सत्र के शेष हिस्से के लिए निलंबित कर दिया गया।

विपक्षी सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के कारण लोकसभा एवं राज्यसभा तीन- तीन बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों ही सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल हंगामे की भेंट चढ़ गए। लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार इस बेहद संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा को तैयार है।

### गृह मंत्री शाह बोले- हम चर्चा को तैयार



### राज्यसभा: सिंह ने नहीं मानी सभापति की बात

राज्यसभा में भी मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा और नारेबाजी जारी रही। सभापति ने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिए चर्चा कराने के लिए 27 नोटिस मिले हैं। उन्होंने जैसे ही उल्लेख करना आरंभ किया कि उन्हें मल्लिकार्जुन खरगे (विपक्ष के नेता), जॉन ब्रिटास, ए डी सिंह... की ओर से नोटिस मिले हैं, सदन में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने आपत्ति जताई और सभापति से पूछा कि ये सदस्य किस दल के हैं, उनका भी जिक्र किया जाना चाहिए। सभापति ने तृणमूल नेता की आपत्ति को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा, आप आसन को चुनौती दे रहे हैं। प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य ने पूरक प्रश्न पूछा जिसका जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हंगामे के बीच जवाब भी दिया। इसी बीच, आसन के समीप आकर नारेबाजी कर रहे आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह को सभापति ने उनके स्थान पर वापस जाने को कहा। किंतु सिंह ने जब आसन की बात नहीं मानी तो सभापति ने उनके नाम का उल्लेख किया। आसन द्वारा किसी सदस्य के नाम का उल्लेख किए जाने पर उस सदस्य को तत्काल सदन से बाहर जाना होता है और वह पूरे दिन सदन की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकता। इसके बाद सदन के नेता पीयूष गोयल ने सिंह को मौजूदा सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव करते हुए कहा कि आप सदस्य का आचरण सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं है। हंगामे के बीच ही गोयल के प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। निलंबित किए जाने के बावजूद आप सदस्य सिंह सदन से बाहर नहीं गये। उपसभापति हरिवंश ने नियमों का हवाला देते हुए उनसे सदन के बाहर चले जाने को कहा।

### राजनाथ ने खरगे व बालू से की बात

सूत्रों का कहना है कि गतिरोध खत्म करने के प्रयास के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही द्रमुक नेता टी आर बालू और तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय से बात की तथा उन्हें इस बात से अवगत कराया कि सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है। सूत्रों ने बताया कि विपक्ष का कोई नेता अपनी इस मांग से पीछे हटने को तैयार नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को सदन में बयान देना चाहिए।

### कई बार करने पड़ते हैं कड़े निर्णय : धनखड़

संजय सिंह को राज्यसभा से निलंबित किए जाने के कुछ घंटे बाद, राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि शिष्टाचार और अनुशासन को लागू करने के लिए कभी-कभी कड़े कदम उठाना जरूरी हो जाता है। लेकिन हमें कभी भी संकोच नहीं करना चाहिए क्योंकि शिष्टाचार और अनुशासन हमारे विकास, प्रतिष्ठा और समृद्धि से जुड़े हुए हैं। धनखड़ यहां भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### संसद परिसर में धरने पर बैठे 'इंडिया' के नेता

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के नेता संजय सिंह के निलंबन के खिलाफ सोमवार को संसद परिसर में धरने पर बैठ गए। 'इंडिया' के घटक दलों का कहना है कि उनके नेताओं का यह धरना पूरी रात चलेगा।




### धनखड़ की विभिन्न दलों के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** मणिपुर में हिंसा मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण लगातार तीसरे दिन राज्यसभा की कार्यवाही बाधित रहने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सदन में सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई और सुचारू कार्यवाही के लिए उनसे सहयोग की अपील की। इस बैठक में कांग्रेस के जयराम रमेश, भारत राष्ट्र समिति के के. केशव राव, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, सदन के नेता पीयूष गोयल और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी सहित कई नेता शामिल हुए।

## केंद्रीय मंत्री के आवास पर पथराव

# मानव ढाल बनीं महिलाएं, भीड़ ने घरों में लगाई आग




@ इंफाल में छात्रों का प्रदर्शन

एजेंसी । इंफाल

मणिपुर में हिंसा का सिलसिला थम नहीं रहा है। चुराचांदपुर के तोरबुंग बाजार इलाके में शनिवार शाम हथियारबंद बदमाशों ने कम से कम 10 खाली पड़े मकानों और एक स्कूल में आग लगा दी। जबकि केंद्रीय मंत्री आर.के. रंजन सिंह के यहां स्थित आवास के बाहर महिलाओं की एक रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया।

पुलिस ने बताया कि चुराचांदपुर में बदमाशों की भीड़ के आगे सैकड़ों महिलाएं चल रही थीं और ऐसा बताया जा रहा है कि ये महिलाएं मानव ढाल का काम कर रही थीं। भीड़ ने हमले के दौरान कई गोलियां चलाईं और देसी बम फेंके। एक स्थानीय व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमने जब देखा कि सैकड़ों महिलाओं की अगुवाई में भीड़ आगे बढ़ रही है, तो हम गोलीबारी का जबाव देने में हिचकिचाए। उन्हें बीएसएफ का एक वाहन छीनने की कोशिश करते और हमारे मकान जलाते देखा तो हमें लगा कि हमें भी जवाब देना होगा। भीड़ ने बीएसएफ का एक वाहन भी ले जाने की कोशिश की।

## खेत में गिरा ईंधन टैंक



*संत कबीर नगर। संत कबीर नगर जिले के खलीलाबाद क्षेत्र में सोमवार को वायुसेना के लड़ाकू विमान जगुआर का एक अतिरिक्त ईंधन टैंक खेत में गिरने से सनसनी फैल गई। जिला प्रशासन से सूचना मिलने पर वायु सेना की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जांच में पाया कि वह लड़ाकू विमान जगुआर का अतिरिक्त ईंधन टैंक है।*

## ज्ञानवापी परिसर का मामला

# SC के आदेश के बाद एएसआई ने सर्वेक्षण रोका

एजेंसी । वाराणसी/ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने सोमवार सुबह ज्ञानवापी परिसर में वैज्ञानिक सर्वेक्षण की कार्रवाई रोक दी ।

वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने सोमवार को बताया कि उच्चतम न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण की कार्रवाई को 26 जुलाई शाम तक के लिए रोकने का निर्देश दिया है, जिसको देखते हुए सर्वेक्षण पर रोक लगा दी गई है।

हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 26 जुलाई की शाम तक के लिए जिला जज के सर्वे की कार्रवाई के आदेश पर रोक लगाई है। हम दो दिन के अंदर हाई कोर्ट जाकर इस पर बहस करेंगे। मुस्लिम पक्ष की तरफ से गलत बयान दिया जा रहा है कि परिसर में तोड़ फोड़ की जा रही है, जबकि परिसर में सर्वे के दौरान सिर्फ पैमाइश और मैपिंग का कार्य किया गया।



*वाराणसी। सर्वे के लिए पहुंची भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम।*

### करीब चार घंटे तक चली सर्वेक्षण की कार्रवाई

सर्वे की कार्रवाई से बाहर निकलने के बाद हिन्दू पक्ष के एक अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने बताया, सर्वेक्षण की कार्रवाई लगभग चार घंटे चली । पहले पूरे परिसर का मुआयना और पैमाइश की गई। चार टीमों को चारों कोने पर लगाया गया था। सर्वे के दौरान चार कैमरे परिसर के चारों कोने पर लगाकर सारी गतिविधियों को रिकॉर्ड किया गया है। परिसर में लगे पत्थर और ईंटों का मुआयना किया गया। शीर्ष अदालत का आदेश मिलने के बाद टीम के सदस्य परिसर से बाहर निकल आए। चतुर्वेदी ने दावा किया, हमें यकीन है कि पूरा परिसर मंदिर का ही है और सर्वे का परिणाम हमारे पक्ष में ही आएगा।

### हाई कोर्ट को सुनवाई का निर्देश

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश आ गया कि मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के संबंध में वाराणसी की अदालत का आदेश 26 जुलाई को शाम पांच बजे तक लागू नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से कहा कि वह उसके आदेश की समाप्ति से पहले मस्जिद समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करे।

### मस्जिद समिति की दलील पर लिया संज्ञान

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मस्जिद समिति की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी की दलील का संज्ञान लिया कि मामले में तत्काल सुनवाई की जानी चाहिए।

## होगा चिकित्सकीय परीक्षण

# कूनो में छह चीतों के हटाए गए रेडियो कॉलर

एजेंसी । भोपाल



मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छह चीतों के रेडियो कॉलर केएनपी के पशु चिकित्सकों और नामीबिया व दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों द्वारा उनके स्वास्थ्य परीक्षण के लिए हटा दिए गए हैं। इस साल मार्च से अब तक श्योपुर जिले के केएनपी में पांच वयस्क चीते और तीन शावकों की मौत हो चुकी है। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि कुल 11 चीते - छह नर और पांच मादा - वर्तमान में बाड़े के अंदर हैं। जिन चीतों के रेडियो कॉलर हटाए गए हैं उनकी पहचान गौरव, शौर्य, पवन, पावक, आशा और धीरा के रूप में की गई है। मध्य प्रदेश के मुख्य वन्यजीव वार्डन असीम श्रीवास्तव ने चीतों के स्वास्थ्य परीक्षण के पीछे के कारणों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। देश में चीतों को फिर से बसाने की योजना 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से रेडियो कॉलर पहने 20 चीतों को केएनपी लाया गया था।

### मिस राजस्थान 2023 की फाइनलिस्ट ने अनूठे म्यूजियम में कराया फोटो शूट

# प्रदेश की मॉडल्स ने बढ़ाया... खजाना महल का नूर








**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश भर की मॉडल्स जब हेरिटेज आंगन पहुंची तो वहां का नूर और भी निखर आया। एंटीक चीजों के बीच हुए फोटो शूट ने दोनों की आभा को और निखारा। नजारा था जलमहल गुर्जर घाटी स्थित खजाना महल में मिस राजस्थान 2023 की फाइनलिस्ट के स्पेशल फोटो शूट का। प्रमोशन एक्टिविटी में 200 साल पुराने बारूद खाने के नाम से विख्यात खजाना महल में मॉडल्स ने विजिट किया।

फ्यूजन ग्रुप द्वारा व खजाना महल के सहयोग से आयोजित ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान का खजाना महल में हेरिटेज प्रमोशन एक्टिविटी में आयोजक योगेश मिश्रा के साथ फैशन वर्ल्ड के लोग मौजूद रहे। मिश्रा ने बताया कि खूबसूरत पहाड़ियों के बीच फैशन फोटोग्राफर वासु जैन ने ट्रेडिशनल शूट में मॉडल्स को कैमरा में कैप्चर किया।

फाइनलिस्ट ने बॉलीवुड डिजाइनर संजय शर्मा के कलेक्शन को शोकेस किया। दीवा एंड डेबोनेयर की मीनाक्षी सोलंकी का स्पेशल मेकअप स्टाइल से मॉडल्स ने हेरिटेज को जेल करता हुआ लुक पाया तो कैमरा भी उनके साथ हो चला।







### कोहिनूर रिप्लिका के साथ हुआ शूट

म्यूजियम निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार 3 एकड़ में बने म्यूजियम में देश-दुनिया के 400 प्रकार के 20 हजार से अधिक करीब 100 साल से अधिक पुराने नायाब व बेशकीमती जेम स्टोन देखकर गर्ल्स रोमांचित हो उठीं। कोहिनूर की रिप्लिका को निहारते हुए बॉलीवुड जूलरी कलेक्शन को देखना खास रहा। कुछ मॉडल्स ने ट्राइबल जूलरी पहनकर देखी और शूट कराया। 28 फाइनलिस्ट जब दुनिया की सबसे बड़ी रिंग के पास पहुंची तो यह अद्भुत नजारा रहा। गौरतलब है म्यूजियम को 39 हिस्सों को बांटा गया है। जहां सेमी प्रिशियस स्टोन से बनी 111 किलो में दुनिया की सबसे बड़ी रिंग, रामेश्वरम वाले 7 पत्थर, जेम स्टोन आधारित विभिन्न देशों से निकले 500 तरह के स्टैंप, असली उल्का पिंड का टुकड़ा, करोड़ों साल पुरानी संरक्षित डायनासोर की हड्डी, कोहिनूर की रैप्लिका, शार्क के असली दांत, नवग्रह से लेकर 21 सीटर हाइटेक मिनी थिएटर जैसे कई आकर्षण हैं। विजिटर्स को सिंगापुर के म्यूजियम की तर्ज पर माइंस का वर्चुअल व आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से एक्सपीरियंस व रोप वे भी मॉडल्स ने देखा।

## राज्यपाल को दिया आमंत्रण



**बेधड़क. जयपुर।** वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के उपलक्ष में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत नजर फोटोग्राफी एग्जिबिशन का दूसरा सीजन 18 से 20 अगस्त तक आयोजित होगा। जवाहर कला केंद्र में प्रशासनिक अधिकारियों, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर, डॉक्टर, युवा स्टूडेंट्स की फोटो एक ही छत के नीचे देखने को मिलेगी। इसके उद्घाटन के लिए राज्यपाल कलराज मिश्र को आमंत्रण दिया गया। इस दौरान फोटोजर्नलिस्ट राजेश कुमावत, मनोज श्रेष्ठ, संजय कुमावत मौजूद रहे।

## विनर्स ने शेयर की जर्नी



**बेधड़क, जयपुर।** हमारा लक्ष्य 2045 तक देश में 10 लाख डेडिकेटेड ट्रेनर्स तैयार करना है। इससे हम दुनिया में नंबर एक हो सकेंगे। इसकी शुरुआत हो चुकी है। बात की जाए प्रदेश के छोटे शहरों की तो वहां से विनर्स निकल रहे हैं। यह कहना था रूप साज ग्रुप के पदाधिकारियों का, जो 16 जुलाई को राजस्थान की अंतिम राज्य स्तरीय ब्राइडल मेकअप व मेहंदी प्रतियोगिता के विनर्स से रूबरू करा रहे थे। उन्होंने बताया कि राजस्थान के कस्बों-ढाणियों से प्रतिभागियों में हिस्सेदार रहे। ग्रुप की डायरेक्टर शिवानी जैमन ने बताया कि राजस्थान में अलग-अलग जगह प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभागियों को नेशनल के लिए चयनित किया है।

## कलाकारों ने किया उम्दा प्रदर्शन



**बेधड़क, जयपुर।** शास्त्रीय संगीत के युवा कलाकार अक्षत शर्मा ने स्लाइड गिटार साज पर सुरों की खूबसूरत आईनबंदी कर मौजूद दानिशमंद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। इस मौके पर देश-दुनिया के मकबूल कलाकार पं.अजय शंकर प्रसन्ना ने भी बांसुरी साज पर सुरों के खूबसूरत लगाव वे घराने की खुशबू बिखेरी। जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के मिनी थिएटर में गोपाल कृष्ण स्ट्रिंग्स फाउंडेशन की तरफ से संजोए बैठक-2023 कार्यक्रम में दोनों फनकारों ने अपने कमाले फन का उम्दा प्रदर्शन कर सभाागार का कोना-कोना सुरीले सुरों से सराबोर कर दिया। यह कार्यक्रम कलाकार अक्षत के जन्नतनशीं गुरु पिता पं. श्रीकृष्ण शर्मा के जन्मदिवस पर संजोया गया।

# City इवेंट्स

### पक्षियों के लिए तैयार किए 150 घरौंदे



**बेधड़क. जयपुर।** बच्चों ने परिंदों के लिए कदम उठाए तो बड़े भी उनके साथ हो लिए। मौका था रेज-आशा की एक किरण के बच्चों की ओर से पक्षियों के लिए घरोंदे तैयार करने का। उन्होंने महिला व बाल कल्याण विभाग की मंत्री ममता भूपेश के साथ मिलकर सेंट्रल पार्क में पेड़ों पर घोंसले लगाए। इस अवसर पर पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल, कैप्टन गुरिंदर विर्क, रश्मि कुच्छल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। ममता भूपेश ने बच्चों की पहल की प्रशंसा की। कैप्टन गुरिंदर विर्क ने बताया कि इस बार ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग करते हुए बच्चों ने पक्षियों के लिए 150 घरौंदे तैयार किए। गौरतलब है कि संस्था वर्ष 2010 से एचआईवी संक्रमित व प्रभावित बच्चों के लिए कार्य कर रही है। राजस्थान में एचआईवी संक्रमित व इससे प्रभावित बच्चों का इलाज व देखभाल की जाती है।

### उत्तराखंड महासभा के चुनाव संपन्न

**बेधड़क, जयपुर।** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा राजस्थान प्रदेश की कार्यकारिणी के चुनाव जयपुर में संपन्न हुए। तीन चुनाव अधिकारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव के सानिध्य में यह चुनाव संपन्न कराए गए। इसमें अध्यक्ष के रूप में जीबी मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शमशेर सिंह फर्त्याल, उपाध्यक्ष हरीश चंद्र कांडपाल व मुख्य संगठन सचिव जशोद सिंह बिष्ट को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। महासचिव हरीश सिंह फर्त्याल व कोषाध्यक्ष नंदन सिंह डायराकोटी को वोटिंग द्वारा विजेता घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी द्वारा सभी नव निर्वाचित प्रत्याशियों को महासभा के संविधान की शपथ दिलवाई गई।

### तुषार सोगानी बने जूनियर उपाध्यक्ष



**बेधड़क, जयपुर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स की ओर से तुषार सोगानी को जूनियर उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। आईआईए के प्रधान कार्यालय मुंबई में हुए चुनाव में सोगानी को दो वर्ष की अवधि (2023-2025) के लिए निर्विरोध और सर्वसम्मति से जूनियर उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। वर्तमान में सोगानी आईआईए राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत हैं। गौरतलब है कि IIA देश के वास्तुकारों का 106 साल पुराना पेशेवर संगठन है। पहली बैठक रविवार को मुंबई में हुई थी।

### आचार्य सौरभ सागर के सानिध्य में हुए कई कार्यक्रम

## 'खुद का कल्याण करना है तो दूसरों का ख्याल रखो'



**बेधड़क | जयपुर**

धर्म नगरी छोटी काशी जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर आठ स्थित दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में 5 दिवसीय श्रीमज्जा जिनेंद्र महाअर्चना सिद्धचक्र महामंडल विधान पूजन में आचार्य सौरभ सागर ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि सृष्टि के हर प्राणी को मानव जन्म के महत्व को समझना चाहिए। कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, लेकिन आज का प्राणी मानव जन्म के महत्व को न जानकर खुद के अहंकार में जी रहा है। स्वार्थ जैसे मूल्यों को धारण कर रहा है। मानव जन्म के महत्व को मिटा रहा है, जबकि समझना चाहिए कि मानव जन्म सौभाग्यशाली लोगों को मिलता है। जिन्हें मानव जन्म मिला है, उन्हे अपने आत्म कल्याण के मार्ग पर चलने के लिए दूसरे प्राणियों का ख्याल रखना चाहिए। जन्म तो सभी का होता है। पशु, पक्षी, प्राणी, वस्तु सभी का जन्म होता है, किंतु जैनत्व में कहा गया है कि आत्म कल्याण करने का मार्ग मानव जन्म में ही मिलता है। क्योंकि एक मात्र प्राणी है, जो सब मार्गों का अनुसरण कर सकता है। मानव जन्म को श्रेष्ठ जन्म बताया गया है। इस दौरान जयपुर नगर निगम ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावत, श्रीमहावीर शिक्षा परिषद अध्यक्ष उमरावमल संघी, तीर्थ क्षेत्र धर्म संरक्षणी संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी धर्मचंद पहाड़िया आदि ने भाग लिया। मुख्य समन्वयक गजेंद्र बड़जात्या ने बताया कि मंगलवार को महोत्सव का समापन होगा।

### एसबीआई DMPL सीजन 2 का रंगारंग समापन

## सीकेस-त्यागी आई हॉस्पिटल ने जीता विजेता का खिताब




**बेधड़क | जयपुर**

मेडिकोज सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित डॉक्टर्स की गायन प्रतियोगिता एसबीआई DMPL सीजन 2 का फाइनल राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में धूमधाम से संपन्न हुआ। आयोजन अध्यक्ष डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि समापन समारोह व अवॉर्ड सेरेमनी के मुख्य अतिथि राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी थे। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर आरयूएचएस के प्रोफेसर वीसी डॉ. अमरजीत मेहता, एसबीआई के एजीएम रमेश टाक, महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के चेयरपर्सन डॉ. विकास स्वर्णकार, बॉलीवुड सिंगर रविंद्र उपाध्याय, प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रकाश चांदवानी, एमिटी यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. अमित जैन मौजूद थे। आयोजन सचिव डॉ.अनिल यादव ने बताया कि एकल, युगल व सामूहिक गायन के कई राउंड होने के बाद विजेता का फैसला हुआ। सीकेएस त्यागी आई हॉस्पिटल विजेता रही। श्री कृष्णा हॉस्पिटल उप विजेता रही।

एएलसीएस-एशियन कैंसर व सीतादेवी हॉस्पिटल ने सेकंड रनर अप स्थान प्राप्त किया। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर भंडारी ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर भंडारी, रमेश टाक, डॉ. अमरजीत मेहता, रविंद्र उपाध्याय ने स्पॉन्सर्स को सम्मानित किया।

**आयोजन** साइक्लॉथोन-मेडिकल कैंप, स्पीच आदि कार्यक्रम एक साथ एक दिन में किए गए आयोजित

## आयकर दिवस पर बांटी खुशियां, रक्तदान कर दिया संदेश

**बेधड़क | जयपुर**

आयकर दिवस पर साइक्लॉथोन, मेडिकल कैंप, स्पीच आदि कार्यक्रम एक साथ एक दिन आयोजित किए गए। आयकर विभाग जयपुर की ओर से नव केंद्रीय राजस्व भवन में आयकर दिवस की खुशियां बांटी गईं। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



सबसे पहले साइक्लॉथोन हुई। इसमें के.वी. नरसिम्हाचार्य आयकर महानिदेशक (अन्वे.) ने सुबह 6 बजे झंडी दिखाकर शुरुआत की। विभाग के करीब 100 साईकिल चालकों द्वारा स्टेच्यु सर्किल से जवाहर सर्किल तक की दूरी तय की। इसके बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड नई दिल्ली अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इसमें उन्होंने आयकर विभाग द्वारा राष्ट्र निर्माण में योगदान का उल्लेख किया। साथ ही भविष्य में राष्ट्र के प्रति अपनी कृत्यज्ञता इसी प्रकार प्रकट करने के लिए सबको उत्साहित किया।



दूसरी ओर आयकर कार्यालय परिसर में चिकित्सा स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ प्रशांत भूषण प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (राजस्थान) ने किया। कैंप में 300 से अधिक आयकर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हेल्दी स्माइल्स ग्रुप से आए अलग-अलग हॉस्पिटल्स के डॉक्टर्स व विशेषज्ञों से जांच कराई। चिकित्सा स्वास्थ्य जांच के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन संतोकबा दुर्लभजी हॉस्पिटल के तत्वावधान में हुआ। 50 लोगों ने रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। डॉ.के.के. शर्मा व डॉ.निशा गौर ने हेल्थ के विभिन्न पहलुओं पर कर्मचारियों व अधिकारियों को जानकारी दी। शाम को कर्मचारियों व अधिकारियों के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। करीब 38 बच्चों ने भाग लेकर कला का प्रदर्शन किया।

## सुलावेसी द्वीप के पास इंडोनेशियाई नौका पलटी

# 15 लोगों की मौत




**जकार्ता।** इंडोनेशिया में सुलावेसी द्वीप के पास एक नौका पलटने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। बचावकर्ताओं ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि नौका में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। प्राधिकारियों ने बताया कि नौका में सवार 33 अन्य लोग बच गए। तलाश एवं बचाव अभियान के प्रमुख मोहम्मद अराफाह ने बताया कि नौका दक्षिणपूर्व सुलावेसी प्रांत में बुटोन सेंट्रल रीजेंसी के लांतो गांव से लागिली गांव जा रही थी। लकड़ी की नौका में 20 लोगों के बैठने की क्षमता थी, लेकिन उसमें क्षमता से अधिक लोग सवार थे। खोज और बचाव दल को 15 शव मिले और छह लोगों को बचाया गया, लेकिन बाद में नौका में सवार सभी लोगों का पता चलने के बाद बचाव अभियान रोक दिया गया। अराफाह ने एक बयान में कहा, 'जीवित बचे 27 लोगों का पहले पता नहीं चला था, क्योंकि वे सीधे घर चल गए थे।' उन्होंने बताया कि बचाव अभियान में रबड़ की तीन नौकाओं, मछलियां पकड़ने वाली दो नौकाओं और छह गोताखोरों को तैनात किया गया था। *-पीटीआई*

## सूडान एयरपोर्ट पर हादसे का शिकार हुआ प्लेन

# 4 सैन्यकर्मियों समेत 9 की मौत

**एजेंसी** । खार्तूम

पोर्ट सूडान एयरपोर्ट पर रविवार को एक नागरिक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार सैन्यकर्मियों सहित 9 की मौत हो गई। सूडानी सेना ने एक बयान जारी करते हुए दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। सेना ने बताया कि हादसे में एक बच्ची की जान बच गई। सूडानी सेना ने जानकारी दी कि एंटोनोव प्लेन दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले उड़ान भर रहा था और उसमें खराबी आ गई, जिसके बाद प्लेन हादसे का शिकार हो गया।

सूडान में इस साल 15 अप्रैल से सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच लड़ाई जारी है। इसके बाद से पोर्ट सूडान प्रवासियों राजनयिक मिशनों के सदस्यों और उत्तरी अफ्रीकी देश से भाग रहे कुछ सूडानी नागरिकों के लिए देश से बाहर निकलने का एग्जिट पॉइंट बन चुका है। सूडान में बीते शनिवार को ही रात के वक्त हुए एक रॉकेट हमले में 16 लोगों की मौत हो गई थी।



### हिंसा में अब तक 1136 लोग मारे गए

सूडान में गृह युद्ध रविवार को अपने 100 वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इस पर सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि अब तक हिंसा में कम से कम 1136 लोग मारे गए हैं। हालांकि अन्य मॉनिटरों का मानना है कि मरने वालों की संख्या कहीं अधिक हो सकती है, क्योंकि कई मौतों की रिपोर्ट नहीं की गई है। अनुमान है कि 30 लाख से अधिक लोग सूडान छोड़ कर भाग गए हैं। इनमें से 7 लोग ऐसे है, जो मिस्र, चाड और दक्षिण सूडान जैसे पड़ोसी देशों में भाग गए हैं। हालांकि, इस क्षेत्र में युद्ध के दौरान काम कर रहे अलग-अलग संगठनों का दावा है कि मौत का असली आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है, क्योंकि मौत की कई घटनाओं को मॉनिटर ही नहीं किया जा रहा है।

## स्वीडन में कुरान जलाने से गुस्साया OIC

# विशेष दूत का दर्जा छीना

**एजेंसी** । स्टॉकहोम

इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी ने स्वीडन को मिले विशेष दूत का दर्जा रद्द करने का फैसला किया है। यह फैसला दो जुलाई को हुई मीटिंग में की गई सिफारिशों के आधार पर किया गया है। रविवार को इसका औपचारिक ऐलान किया गया है।

स्वीडन में पिछले काफी समय से पवित्र कुरान को लेकर विरोध हो रहा है। ओआईसी ने कुरान के अपमान को बर्दाश्त के बाहर बताया है। स्वीडन में पिछले दिनों कुरान के साथ-साथ इराक के झंडे को जलाया गया था। ओआईसी महासचिव हिसैन इब्राहिम ताहा से सिफारिश की गई थी कि वह सामान्य सचिवालय को किसी भी देश से जोड़ने वाले आधिकारिक दर्जे की समीक्षा करें। उनसे कहा गया था कि जिस देश में पवित्र कुरान या अन्य इस्लामी मूल्यों और प्रतीकों की प्रतियों का अपमान होता है, उसका विशेष दूत का दर्जा निलंबित करने पर विचार करना चाहिए। महासचिव ने स्वीडन को इस फैसले की जानकारी दे दी है।



### अभिव्यक्ति की आजादी का बहाना!

महासचिव ताहा ने ओआईसी देशों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ऐसे अपमानजनक कृत्यों को न होने देने की अपील की है। उनका मानना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विशेष कर्तव्य और जिम्मेदारियां शामिल होते हैं। स्वीडन के अधिकारियों ने 28 जून को स्टॉकहोम में एक मस्जिद के सामने कुरान की एक प्रति फाड़ने और जलाने की मंजूरी दी थी। 28 जून की घटना को अंजाम देने वाले शख्स ने फिर से प्रदर्शन के लिए स्वीडिश पुलिस से अनुमति मांगी है। उसने एक और कुरान जलाने की योजना बनाई है।

### स्वीडन ने मांगी माफी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्वीडन के विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने स्टॉकहोम में कुरान पर हाल ही में हुए हमले पर खेद व्यक्त किया है। अपने लेबनानी समकक्ष अब्दुल्ला बौ हबीब के साथ एक फोन कॉल के दौरान बिलस्ट्रॉम ने रविवार को कुरान के अपमान और इस्लामी मान्यताओं और प्रतीकों के अपमान पर स्वीडन की ओर से खेद व्यक्त किया। बौ हबीब ने इसका स्वागत किया और स्वीडन को बढ़ती नफरत और इस्लामोफोबिया की भावनाओं को कम करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कम्बोडिया में हुन सेन की एक और प्रचंड चुनावी जीत

# बेटे की ताजपोशी होगी इतनी ही सहज!

**एजेंसी** । क्वींसलैंड

24 दिसंबर, 2021 को कंबोडिया के 70 वर्षीय प्रधानमंत्री हुन सेन ने कंबोडियन पीपुल्स पार्टी की एक बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में उनके सबसे बड़े बेटे, 45 वर्षीय हुन मानेट को सर्वसम्मति से भावी प्रधान मंत्री के रूप में चुना गया। देश के ताकतवर नेता के राजनीतिक उत्तराधिकारी को लेकर चल रही वर्षों की अटकलों के बाद, यह एक आश्चर्यजनक और प्रेरणाहीन विकल्प दोनों था। आश्चर्य और प्रेरणा की ऐसी ही कमी पिछले रविवार को कंबोडिया के आम चुनाव में देखने को मिली। दक्षिण पूर्व एशिया के निम्न मानकों के हिसाब से भी, यह अब तक की स्मृति में सबसे खराब दिखावटी चुनाव में से एक था। 17 कमजोर और बेअसर विपक्षी दलों के मिश्रण के खिलाफ, हुन सेन की पार्टी ने तुरंत दावा किया कि उसने "तूफानी" जीत हासिल की है।

हुन सेन द्वारा अपने बेटे को सत्ता हस्तांतरित करना अब सुनिश्चित हो गया है। एकमात्र प्रश्न है कि कब। ताकतवर नेता ने पिछले सप्ताह कहा था कि यह कुछ ही हफ्तों में हो सकता है।






## पूर्वी चीन में बाढ़ से पांच लोगों की मौत

**बीजिंग।** पूर्वी चीन में भारी बारिश और भूस्खलन से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग लापता हैं। इस दौरान 1,500 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। देश के सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वी चीन के हांग्जो में फूयांग जिले के एक गांव में बाढ़ आ गई और कई मकान इसकी चपेट में आ गए। बारिश के कारण एक पहाड़ का कुछ हिस्सा टूट गया और भूस्खलन हुआ।

# पाकिस्तान-अमेरिका रक्षा संबंध और मजबूत करने पर सहमत

**एजेंसी** । इस्लामाबाद

पाकिस्तान और अमेरिका सोमवार को रक्षा सहित अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए। यह सहमति अमेरिका के शीर्ष जनरल और पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बीच हुई बैठक में बनी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) द्वारा जारी बयान के मुताबिक अमेरिकी मध्य कमान के प्रमुख जनरल माइकल एरिक कुरिल्ला ने पाकिस्तानी सेना के अध्यक्ष जनरल मुनीर के साथ बैठक की। दोनों सैन्य अधिकारियों ने आपसी हित, क्षेत्रीय सुरक्षा और पाक एवं अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग पर चर्चा की। 'अतिथि सैन्य अधिकारी ने पाकिस्तानी सेना की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सफलता और पाकिस्तान की क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता लाने के लिए लगातार की जा रही कोशिश को स्वीकार किया और उसकी प्रशंसा की।' दोनों पक्षों ने सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की इच्छा दोहराई।



## दुनिया के लिए रहस्य

# रूस का दशकों पुराना विशाल क्रेटर

**एजेंसी** । बटागाई

रूस से एक ड्रोन फुटेज में यह नजर आया है कि वहां स्थित बटागाइका क्रेटर अब पिघलने लगा है। देश के पूर्वी हिस्से में यह दुनिया का सबसे बड़ा पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर है।

इसके कारण वैज्ञानिकों की चिंताएं बढ़ गई हैं क्योंकि यह बताता है कि उत्तर और उत्तर पूर्वी शहरों और कस्बों में जलवायु परिवर्तन के कारण खतरा किस कदर बढ़ रहा है। पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर सन् 1960 के दशक में आसपास के जंगल साफ होने के बाद बनना शुरू हुए थे। यह जगह जीरो डिग्री तापमान पर तैयार होती है। पर्माफ्रॉस्ट पिघलने की वजह से यहां की जमीन धंसने लगी है। इसकी वजह से एक विशाल गड्ढा हो गया है। नासा के अनुसार पर्माफ्रॉस्ट कोई भी जमीन है जो लगातार कम से कम दो साल तक जीरो डिग्री सेल्सियस पर पूरी तरह से जमी रहती है।



### धरती का प्रवेश द्वार

स्थानीय लोग इस एक किमी लंबे विशाल स्थल को 'धरती के अंदर का प्रवेश द्वार' कहते हैं। यह गड्ढा जो पहली बार सन् 1960 के दशक में दिखाई देना शुरू हुआ था। इसके कारण जमीन की बर्फ खत्म हो गई थी। परिणामस्वरूप धरती का क्षरण हुआ और जमीन धंस गई। साइंटिस्ट एरेल स्ट्रचकोव ने बताया कि स्थानीय लोग इसे जमीन के अंदर छिपी हुई गुफा कहते हैं। स्थानीय लोगों ने भी गड्ढे के तेजी से बढ़ने पर ध्यान दिया है।

### अगर पिघल गया तो खतरनाक

कनाडा, अलास्का, साइबेरिया और कुछ और जगहों पर भी सर्कंपोलर क्षेत्रों में भी यह पर्माफ्रॉस्ट हैं। अगर यह पिघलता है तो यह बड़ी मात्रा में इस गैस को छोड़ सकती है। इसकी वजह से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ सकती है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा, यह पिघल जाएगा और कार्बन और मीथेन जैसी गीगा-टन गैसों के साथ-साथ कई हजार साल पुराने वायरस और बैक्टीरिया भी छोड़ेगा, जो पूरी दुनिया के लिए खतरनाक साबित होगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl